डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति लोकसभा क्षेत्र में प्रकाशित, भोपाल, 4 से 10 जून 2022 वर्ष-39 अंक-36 मूल्य ₹ 10.00

कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस और विभागीय समीक्षा

प्रदेश को जनकल्याण, सुशासन और विकास में आगे बढ़ायें - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रत्येक जिले की ओवर ऑल रैंकिंग हो, प्रतिस्पर्धा बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करती है, विकास कार्यों को हर जिले में चिन्हित करें और ये कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूरे हों। कार्य ऐसे हों जो जन-कल्याण के साथ इतिहास रचें। हर जिले की पहचान बने, जैसे इंदौर की स्वच्छता में बनी है। मध्यप्रदेश को जन-कल्याण, सुशासन और विकास में आगे बढ़ायें। ये बातें मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कलेक्टर रोज़गार के लिए इनोवेटिव प्रयास करें। योजनाओं में शत-प्रतिशत टारगेट पूरा करें। योजनाओं में प्रदेश का परफॉर्मेंस अच्छा है। प्रचार-प्रसार का कार्य भी बेहतर हो। किये गये कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रदेश में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। इसके नियंत्रण एवं उपचार के लिए चुनौती के रूप में सभी व्यवस्थाएं बनाई जाना सुनिश्चित करें।

शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में शहडोल, रतलाम, पन्ना, डिंडोरी, अनूपपुर जिलों की रैंकिंग अच्छी नहीं है। मेहनत कर अच्छी रैंकिंग हासिल करें। प्रदेश में जिन जिलों में कोरोना वैक्सीनेशन कम है वे लगातार मेहनत कर स्थिति संतोषजनक बनायें।

मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कहा कि आओ एक आंगनवाड़ी गोद लें कार्यक्रम में अपेक्षित परिणाम लाएं जाएं। विधायक, सांसद और कलेक्टर एक आंगनवाड़ी गोद लें। अन्य विभागों के शासकीय सेवक भी आंगनवाड़ी गोद लें। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में 97 हजार 135 आंगनवाड़ी हैं, जिन्हें गोद लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें। आंगनवाड़ी गोद लेने वाले लोगों को जोड़कर वर्चुअल कार्यक्रम करें। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं, उनके लिए जन-सहभागिता से निजी स्पॉन्सरशिप शुरू करायें। अभी 8 हजार बच्चे चिन्हित हैं, जिनकी स्थिति सुधारनी है। स्ट्रीट चिल्ड्रन को भी मदद करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोग जो बीमार हैं, सड़क पर हैं उनके लिए निराश्रित निधि से सहायता की योजना बने। सड़कों पर कोई भी नहीं रहे, रैन बसेरा की व्यवस्था हो।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में कहा कि नेशनवाइड एनिमल हस्बेंड्री डेयरी एवं फिशरीज केसीसी कैम्पेन जारी रहे। केसीसी वितरित करते समय बैंकों को जोड़ा जाये और हितग्राहियों को स्व-रोज़गार के लिए लोन दिलायें।

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में पात्र गरीबों को पट्टे देने का कार्य करें।

श्री चौहान ने कहा कि 12 जनवरी को प्रदेश ने स्व-रोज़गार की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सही ढंग से प्रारंभ हो। आगामी 25 फरवरी को रोज़गार दिवस आयोजन की तैयारी की जाए। उन्होंने 'राशन आपके ग्राम' योजना की प्रगति की समीक्षा की।

जनकल्याण के लिये प्रदेश में करेंगे कार्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सामाजिक न्याय, सामाजिक समरसता के लिए कोई कमी नहीं छोड़ें। आगामी 16 फरवरी को संत रविदास जयंती मनाने के लिए सभी पंचायतों में कोविड गाइडलाइन का पालन कर कार्यक्रम हों। इसके लिये योजनाबद्ध कार्यक्रमों को तैयार किया जा रहा है। जन-कल्याण के लिए प्रदेश में सामान्य वर्ग आयोग के दौरे भी होंगे।

रोज़गार दिवस पर स्वरोज़गार से जोड़ेंगे

श्री चौहान ने कहा कि विमुक्त, घुमक्कड़-अर्धघुमक्कड़ जातियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाने की कार्यवाही करें। युद्ध स्तर पर इनके पहचान-पत्र बनायें। इन जातियों को राशन कार्ड जारी किए जायें। इनके कौशल का विकास कर बेहतर रोज़गार दिलाने की कोशिश हो। आईटीआई में भी प्रशिक्षण दिलायें। रोज़गार दिवस पर इनको भी स्व-रोज़गार से जोड़ें।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना

स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू करेंगे महाविद्यालय

भोपाल, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत चयनित 200 महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोज़गार और स्व-रोज़गार प्रदान करने के लिये विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से एमओयू करने का निर्णय लिया गया है।

आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने बताया कि विद्यार्थी अपना स्वयं का रोज़गार/स्व-रोज़गार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके, इसके लिए जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों को फरवरी माह तक चिन्हित किया जाएगा। चिन्हित औद्योगिक इकाइयों से 31 मार्च 2022 तक एमओयू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अप्रैल, मई एवं जून 2022 में परीक्षा तथा कोविड निर्देशों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कराकर इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों की कंपनियों में प्रतिमाह एच.आर. के माध्यम से प्लेसमेंट की भी व्यवस्था होगी। विद्यार्थी जिस क्षेत्र में रोज़गार/स्व-रोज़गार स्थापित करना चाहते हैं उन्हें बैंकिंग प्रक्रिया से जोड़कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर आयुक्त श्री सिंह ने चयनित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी एवं टीपीओ को अपने क्षेत्रों के 50 से 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने और प्रत्येक चरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

खास खबर

प्रदेश में लगाई गई 10 करोड़ 83 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज

भोपाल, कोविड-19 वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश में उल्लेखनीय काम हुआ है। अब तक 10 करोड़ 83 लाख 38 हजार 974 कोविड वैक्सीन डोज लक्षित समूह को लगाई गई हैं। प्रदेश गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन में देश में नम्बर-एक पर है।

डायरेक्टर एचएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 68 लाख 27 हजार 887 को प्रथम डोज, 5 करोड़ 10 लाख 24 हजार 459 को वैक्सीन की दोनों डोज और 4 लाख 86 हजार 628 प्रि-कॉशन डोज लगाई गई हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम

शिकायतों के निराकरण में अधिकारियों की जवाबदेही तय हो

भोपाल, शिकायतों के निराकरण में अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। समय पर लाभ नहीं देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। लंबित आवेदनों का निराकरण अभियान चलाकर किया जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले दो अधिकारियों एसडीएम शहडोल और सहायक आयुक्त खरगोन को निलंबित करने के निर्देश दिए।

उच्च प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को बधाई

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन में उच्च प्रदर्शन करने वाले जिलों, अधिकारियों, विभागों को बधाई दी और निम्न प्रदर्शन वालों को सुधार करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने जिला कलेक्टर्स से कहा कि बिजली, साफ-सफाई, छात्रवृत्ति, सीवेज आदि की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें।

व्यवस्थाओं को बनाकर रखना गुड गवर्नेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ देना और व्यवस्थाओं को बनाकर रखना गुड गवर्नेंस हैं। जिन विभागों की समस्याएं ज्यादा हैं, उनकी समीक्षा की जाये। जिला एवं राज्य स्तर पर शिकायतों की सतत समीक्षा हो। सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों की पेंडेंसी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण के आधार पर जिलों की रैंकिंग की जा रही है।

प्रतिस्पर्धा निरंतर जारी रखें

श्री चौहान ने जिले की रैंकिंग में सर्वाधिक सुधार करने वाले जिलों की प्रशंसा एवं गिरावट वाले जिलों को बेहतर कार्य कर सुधार करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा निरंतर जारी रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि समाधान एक दिवस में अधिकारी गंभीरता से कार्य करें।

राशन का वितरण व्यवस्थित ढंग से हो

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में राशन का व्यवस्थित ढंग से वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन संबंधी शिकायतें सही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करें। इस संबंध में उन्होंने राजगढ़ और अशोकनगर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि राशन गरीबों का भोजन है, इसमें शिकायतें नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को समाधान ऑनलाइन के जरिये उनकी शिकायतों के निराकरण मिलना जरूरी है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेंगी।

जिंदगी को खुशहाल और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की महिलाओं को पोषण भत्ते की राशि अंतरित करते हुए।

भोपाल, विशेष पिछड़ी सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की बहनों की जिंदगी को खुशहाल और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई, दवाई और रोज़गार का इंतजाम सरकार की प्राथमिकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की महिला को आहार अनुदान की राशि के वर्चुअल अंतरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय कार्य विभाग की आहार अनुदान योजना में 2 लाख 30 हजार 969 पात्र महिला हितग्राहियों को जनवरी 2022 की 23 करोड़ 9 लाख 69 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। राज्य शासन द्वारा इन तीन जनजाति वर्ग की महिलाओं को आहार अनुदान योजना में प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में 14 जिलों की सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की बहनें वर्चुअली सम्मिलित हुईं।

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने शहडोल जिले की श्रीमती रमनी बैगा एवं श्रीमती प्रेमिया बैगा, छिंदवाड़ा जिले की श्रीमती संगीता भारती और दतिया जिले की श्रीमती प्रभा सहरिया एवं श्रीमती गीता सहरिया से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सहरिया बैगा और भारिया जनजाति के विकास और कल्याण के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोज़गार से भी जोड़ा जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

15 जनवरी

भारतीय सेना ने मनाया 74वां सेना दिवस

● भारतीय सेना ने अपना 74वां सेना दिवस मनाया। यह दिन फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण करने की याद में मनाया जाता है। सेना दिवस पर वर्ष 2022 के लिए भारतीय सेना की थीम 'इन स्ट्राइड विद द फ्यूचर-भविष्य के साथ प्रगति में' है, जो आधुनिक काल के युद्ध में अहम और विध्वंसकारी प्रौद्योगिकियों द्वारा तेजी से निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति को दर्शाती है। सेना दिवस समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करने के साथ हुई, जहां तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वीरों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

● केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात के कलोल में प्राकृतिक कृषि का लोगो, एफपीओ के माध्यम से कृषि उपज की बिक्री के लिए प्राकृतिक गुजरात मोबाइल एप और कृषि उपज की बिक्री के लिए ई-व्हीकल लॉन्च किया। इस दौरान गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्राकृतिक कृषि भूमि को ख़राब होने से बचाती है। इससे अनाज, फल, दाल, तेल, गेहूं आदि में रासायनिक पदार्थ की मात्रा कम होती है, हमारा स्वास्थ्य अच्छा होता है, कृषि की पैदावर बढ़ती है।

16 जनवरी

कोविड-19 वैक्सीन पर स्मारक डाक टिकट जारी

● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने भारत के राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कोविड-19 वैक्सीन पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। स्मारक डाक टिकट के डिज़ाइन में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता को कोविड-19 वैक्सीन के साथ एक वरिष्ठ नागरिक को टीका लगाते हुए दिखाया गया है। यह डाक टिकट अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्यकर्मियों और वैज्ञानिक समुदाय द्वारा कोविड महामारी से बचाने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य को दर्शाता है।

● देश में सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन के लिए एक स्वस्थ ईको-सिस्टम तैयार करने की समग्र दृष्टि के साथ, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत 100 घरेलू कंपनियों, स्टार्ट-अप और एमएसएमई से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस स्कीम के तहत घरेलू कंपनियों, स्टार्टअप और एमएसएमई को वित्तीय प्रोत्साहन और डिजाइन इंफ्रास्ट्रक्चर में मदद प्रदान करने का प्रावधान है।

● माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यूक्रेन की कई सरकारी एजेंसियों और गैर-लाभकारी संगठनों के कंप्यूटर सिस्टम मालवेयर से प्रभावित हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि मालवेयर पहली बार 13 जनवरी, 2022 को यूक्रेन के सिस्टम पर दिखाई दिए थे। इस घटना पर यूक्रेन का कहना है कि हैकिंग हमले के पीछे रूस का हाथ था। हालांकि रूस ने इससे इंकार किया है।

17 जनवरी

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 'ओपन डाटा वीक' का शुभारंभ किया

● देशभर के शहरी इको-सिस्टम में मुक्त आंकड़ों को अपनाने तथा नवोन्मेष को प्रोत्साहन देने के लिये आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 'ओपन डाटा वीक' (मुक्त सूचना-सामग्री सप्ताह) आरंभ किया। इसी क्रम में 'आजादी का अमृत महोत्सव व स्मार्ट सिटीज़ : स्मार्ट ऑर्गनाइजेशन' संगोष्ठी का आयोजन सूरत में फरवरी में होगा। 'ओपन डाटा वीक' का उद्देश्य मुक्त आंकड़ों के प्रति जागरूकता तथा उनके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है।

● श्री नरेंद्र कुमार गोयनका ने परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी) के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पद्मश्री डॉ ए. शक्तिवेल ने उन्हें पदभार सौंपा। इस दौरान श्री गोयनका ने कहा कि हम परिधान निर्यात में भारी वृद्धि को देख रहे हैं। हालिया निर्यात मांग की बढ़ती हुई यह सकारात्मक प्रवृत्ति तिमाही में और तेज हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2021 में परिधान निर्यात 22 प्रतिशत बढ़कर 1.46 अरब डॉलर हो गया, जो दिसंबर 2020 में 1.20 अरब डॉलर था।

● चीन की राजधानी बीजिंग में कोविड-19 के ओमीक्रॉन वैरिएंट का पहला मामला मिला है। बीजिंग में फरवरी में होने वाले शीतकालीन ओलिंपिक्स से पहले यह मामला दर्ज हुआ है। शहर के उत्तर-पश्चिमी जिले हेडियन में मरीज पाया गया है। चिंता की बात यह है कि पिछले 2 हफ्तों से बीजिंग के बाहर उसने कोई यात्रा नहीं की थी।

18 जनवरी

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने इग्नू के साथ किया समझौता

● व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण ढांचे को और मजबूत करने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय और इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को उच्च शिक्षा के साथ जोड़ना है, जिससे भारत के युवाओं के लिए काम के बेहतर अवसरों तक पहुंचने की राह तैयार की जा सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आजीविका के बेहतर अवसरों के लिए युवाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद करना और इनका सामाजिक-आर्थिक स्तर ऊपर उठाना है।

● समावेशी सुशासन को बढ़ावा देने, स्थानीय संस्थानों को मजबूत करने और सरकारी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) और हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य सभी कार्यक्रमों और योजनाओं में बेहतर सुशासन प्रक्रियाओं को व्यवहार में लाने के लिए इन दो राष्ट्रीय संस्थानों की ताकत का उपयोग कर विभिन्न सहयोगी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना है।

19 जनवरी

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल बढ़ाने को मंजूरी

● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) के कार्यकाल को तीन साल बढ़ाने की मंजूरी दी है। आयोग को 31 मार्च, 2022 से अगले तीन साल तक के लिए विस्तार की मंजूरी दी गई है। इस पर कुल व्यय लगभग 43.68 करोड़ रुपये होगा। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल बढ़ने से देश के सफाई कर्मचारी और हाथ से मैला उठाने वाले लोगों को लाभ होगा।

● अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (आईएफएससी) के बीमा क्षेत्र में कार्यरत पेशेवर कर्मियों के क्षमता-निर्माण के उद्देश्य से भारतीय बीमा संस्थान (III) के साथ एक समझौता (एमओयू) किया है। भारतीय बीमा संस्थान बदलते बीमा परिदृश्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत और विदेशों में बीमा उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करता है और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि कोविड-19 वैक्सीन की 1 अरब डोज 144 गरीब देशों को दी गई हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोविड-19 वैक्सीन कार्यक्रम कोवैक्स के तहत गरीब देशों को यह डोज दी गई। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि कोवैक्स के 194 सदस्य देशों में से 36 देशों ने अपनी आबादी के 10 प्रतिशत से कम और 88 देशों ने 40 प्रतिशत से कम टीकाकरण किया था।

20 जनवरी

ऑस्ट्रिया में कोविड-19 टीका होगा अनिवार्य

● ऑस्ट्रियाई सरकार देश के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए कोविड-19 टीका अनिवार्य कर सकती है। इसके लिए सरकार फरवरी में एक कानून लाने की योजना बना रही है। इस कानून का पहला मसौदा दिसंबर-2021 में पेश किया गया था, जिसमें 14-साल की उम्र से टीकाकरण अनिवार्य करने की बात कही गई थी। इसका उल्लंघन करने पर 3 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

● टोंगा के हुंगा-टोंगा-हंगा-हापाई ज्वालामुखी फटने के बाद द्वीप का काफी हिस्सा जलमग्न हो गया है। मैक्सार ने ज्वालामुखी फटने के पहले और बाद की तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें इस स्थिति को देखा जा सकता है। तस्वीरों में पानी के ऊपर ज़मीन के छोटे-छोटे टुकड़े नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीरों में टोंगा की राजधानी भूरे रंग की राख से ढकी हुई दिख रही है।

● एमएसएमई सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुये सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सचिव श्री बी.बी. स्वैन ने कहा है कि अपनी सस्ती निर्माण लागत के कारण भारत के इंजीनियरिंग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में विश्व मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकृत होने की अपार क्षमता है। श्री स्वैन ने कहा कि एमएसएमई को उच्च वृद्धि हासिल करने के लिये दो अति महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे, जो ऋण सहायता और प्रौद्योगिकी उन्नयन से जुड़े हैं।

21 जनवरी

इंडिया गेट पर लगेगी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा

● इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ग्रेनाइट से बनी भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमा नेताजी के प्रति भारत के आभार का प्रतीक होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी की प्रतिमा तैयार होने तक उनकी होलोग्राम प्रतिमा लगाई जाएगी।

● केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर. के. सिंह ने रूफ टॉप (घर की छत पर सौर संयंत्र) योजना को सरल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अब से लाभार्थी को किसी भी सूचीबद्ध विक्रेता से ही रूफ टॉप लगवाना जरूरी नहीं होगा। इसकी जगह वे खुद भी रूफ टॉप लगा सकते हैं या अपनी पसंद के किसी भी विक्रेता से इसे लगवा सकते हैं। भारत सरकार 3 किलोवॉट क्षमता तक की रूफ टॉप के लिए 40 फीसदी और 10 किलोवॉट तक के लिए 20 फीसदी सब्सिडी प्रदान करती है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आप भी प्रशासनिक अधिकारी बन सकते है।
JADON'S IAS
MOCK INTERVIEW
FOR MPPSC 2019
Regular Classes & Mock
प्रदेश के सर्वाधिक अनुभवी प्रशिक्षक
आनंद जादौन सर एवं
दिल्ली व महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से युक्तपैनल द्वारा
MPPSC MAINS 2020 हेतु टारगेट बैच & टेस्ट सीरीज (उत्तर व्याख्या सहित)
Online & Offline
MPPSC PRE - 2021 हेतु टारगेट बैच & टेस्ट सीरीज (उत्तर व्याख्या सहित)
HO : Jhavar Estate Thatipur Gwalior
BO: Bholaram Square, Bhawarkua Indore
0731- 4021218, 9425121218
R-46500/2022

BIMTS Prof.Brijmohan Mishra Institute of Medical and Technical Sciences
Affiliated to DAVV Indore & MPBSE Bhopal
REQUIRED
Application are invited for - Principal (01 Post, 15y Exp.) and Associate Professor, Assistant Professor in the following PG and UG Subjects -

Sr.	Subjects	Posts	Sr.	Subjects	Posts
i.	Biotechnology	03	viii.	Horticulture	02
ii.	Botany	02	ix.	Life Science	02
iii.	Chemistry	02	x.	Management	03
iv.	Computer Science	03	xi.	Microbiology	03
v.	Commerce	03	xii.	Mathematics	03
vi.	English	02	xiii.	Physics	03
vii.	Hindi Literature	02	xiv.	Political Sci.	02

Ph.D. or PG with NET Compulsory for above posts

Education Department Requriments

Sr.	Post	Qualification	Nos.
01	Principal/HOD (10Year Teaching Exp.)	P.G. (55%),Ph.D. & M.Ed. (55%)	01
02	Lecturer (Science, Maths, English, So. Science /Humanities, Hindi, Sanskrit)	P.G.(55%) & M.Ed. (55%)	01 (each)
03	Lecturer (Fine Arts &Music)	P.G. (55%)	01(each)
04	Lecturer (Health & Phy.Edu.)	M.P.Ed. (55%)	01

For Lecturer in Education NET is required in subject
(Experienced candidate will be preferred)

Apply with Hand written application, CV, Testimonials & PP size photo within 7 days to : The Secretary, ISWAM ACADEMY of Technical & General Education "BIMTS Parisar", Khandwa Road, Jhiri, Burhanpur - 450331
07325 - 288088, 288077, 9425085620
or e-mail the same to bimtsburhanpur@gmail.com arun ICB
R-46501/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 04 24.01.2022 से 30.01.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

निर्वाचन आयोग ने

सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया

भारत निर्वाचन आयोग ने गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सहित 5 राज्यों के साधारण विधानसभा निर्वाचनों की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग ने इन 5 राज्यों के विधानसभा निर्वाचन में मध्यप्रदेश राज्य के 45 आईएएस अधिकारियों को सामान्य पर्यवेक्षक, 15 आईपीएस अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक एवं 17 आईएएस अधिकारियों को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भोपाल स्थित नरोन्हा प्रशासन एकेडमी में इन अधिकारियों को आयोग द्वारा वर्चुअल तकनीक से प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में 5 राज्यों के लिये नियुक्त राज्य के समस्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों का स्वागत करते हुये शुभकामनाएं दीं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 3 पर्यवेक्षकों (सामान्य, पुलिस एवं व्यय) को प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करने के निर्देश दिये। चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार ने बताया कि केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रणाली अब अच्छी तरह से स्थापित हो गयी है। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक चुनाव कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। पर्यवेक्षक आयोग के प्रतिनिधि हैं और उन्हें पूरी तरह जागरूक होना चाहिये। श्री कुमार ने कहा कि पर्यवेक्षकों को सौंपे गये इस पवित्र और कठिन कर्तव्य से परिचित रहना चाहिये। चुनाव आयुक्त श्री अनूपचंद्र पांडे ने बताया कि कोविड-19 के बीच चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं के लिये मतदान केंद्रों पर मुफ्त और मतदाता हितैषी उपाय उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती में पर्यवेक्षकों को अहम् भूमिका निभानी चाहिये। मौजूदा समय में वर्चुअल प्रचार पर कार्य किये जाने पर जोर दिया जाये। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना और नफरत फैलाने वाले अभियान को कम करने की जरूरत बतायी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री उमेश सिन्हा, महासचिव, भारत निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षकों को चुनाव योजना, सुरक्षा प्रबंधन और स्वीप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अवगत कराया कि पर्यवेक्षक अपने स्वयं के तटस्थ, नैतिक और सौहार्द्रपूर्ण आचरण को सुनिश्चित करते हैं। वरिष्ठ उपचुनाव आयुक्त श्री चंद्रभूषण कुमार ने पर्यवेक्षकों को कानूनी मुद्दे एवं एमसीसी से संबंधित जानकारी दी। उपचुनाव आयुक्त श्री नीतेश व्यास ने पर्यवेक्षकों को ईवीएम-वीवीपीएटी प्रबंधन एवं मतदाता सूची के मुद्दों पर प्रकाश डाला। उपचुनाव आयुक्त श्री टी. श्रीकांत ने आयोग के विभिन्न आईटी अनुप्रयोग और पहले के बारे में जानकारी दी। सुश्री शैफाली शरण, महानिदेशक (मीडिया) ने मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियों सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के आरंभ में कुल 64 अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। इसमें 3 आईएएस और 3 आईपीएस तथा 6 आईआरएस अधिकारियों द्वारा अन्य स्थलों से प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुये मुख्य चुनाव आयुक्त श्री सुशील चंद्रा ने कहा कि चुनाव के दौरान पर्यवेक्षक भारत निर्वाचन आयोग की आंख-कान होते हैं। चुनाव को पूरी तरह से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के लिये पर्यवेक्षकों की समस्त मुद्दों पर तीखी नजर के साथ सुरक्षित चुनाव कराने में अहम् भूमिका होगी।

अधूरी नींद का याददाश्त पर बुरा असर

अधिकतर लोग नींद न आने को बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं। आज के व्यावसायिक दौर में लोग सफलता हासिल करने के लिये नींद के साथ समझौता करते हैं, लेकिन नींद का यही त्याग सेहत के लिये भारी पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया में हुये एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है। कम घंटों की नींद याददाश्त को प्रभावित करने के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित करती है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर सियोबान बैंक्स का कहना है कि पिछले पंद्रह सालों के अधिक के अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि लंबी अवधि तक नींद की कमी के कारण ओवेसिटी, टाइप टू मधुमेह और यहां तक की कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। प्रतिदिन आठ घंटे से कम की नींद सेहत के लिये बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। भोजन को सही तरीके से पचाने की क्षमता, संक्रमण से लड़ने की क्षमता और कई शारीरिक प्रक्रियाएं इससे प्रभावित होती हैं, कम नींद लेने से याददाश्त में कमी, प्रतिक्रिया देने में देरी और थकान जैसे अल्पकालिक नुकसान सबसे अधिक होते हैं। मस्तिष्क को हर रोज कम से कम एक लंबे नींद चक्र की जरूरत होती है, ताकि सब कुछ ठीक रहे। ऐसा इसलिये है, क्योंकि हमारी रात की नींद में एक बुनियादी एनाटॉमी होती है, जिसमें मुख्य दो घटक होते हैं- रैपिड आर्ट मूवमेंट या आरईएम स्लीप और दूसरा गैर आरईएम स्लीप। गैर आरईएम नींद तीन चरणों में होती हैं। पहले चरण जब आप नींद का अनुभव कर रहे होते हैं, यह कुछ मिनट चलता है। दूसरा चरण एक हल्की नींद है, यह चरण 10 से 25 मिनट तक चलता है। तीसरा चरण धीमी तरंग नींद है, जो ज्यादातर रात के पहले भाग में होती है। प्रोफेसर बैंक्स का कहना है कि अगर दिनचर्या के कारण एक ब्लॉक में आठ घंटे की नींद लेना संभव नहीं है, तो छोटी अवधि में इसे पूरा कर सकते हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति करे मतदान

'लोकतंत्र में संपूर्ण राष्ट्र की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए एक-एक नागरिक का कल्याण, उनकी निजता और उनकी खुशी महत्वपूर्ण है।' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का यह कथन लोकतंत्र के महत्व को स्पष्ट करता है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है स्वस्थ निर्वाचन प्रणाली। चुनाव की प्रक्रिया को निष्पक्ष और विश्वसनीय ढंग से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को की गई थी।

क्यों और कब से मनाना शुरू हुआ राष्ट्रीय मतदाता दिवस

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने की आवश्यकता महसूस हुई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का फैसला साल 2011 में लिया गया। इसे मनाए जाने का निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देशभर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे और उन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र सौंपे जाएंगे। पहचान पत्र बांटने का काम सामाजिक, शैक्षणिक व गैर-राजनीतिक व्यक्ति करेंगे। इस मौके पर मतदाताओं को एक बैज भी दिया जाता है, जिसमें लोगो के साथ नारा अंकित होगा 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं।' वर्ष 1950 से स्थापित चुनाव आयोग के 61वें स्थापना वर्ष पर 25 जनवरी 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया था। इस आयोजन के दो प्रमुख विषय थे, 'समावेशी और गुणात्मक भागीदारी' (Inclusive and Qualitative Participation) तथा 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' (No Voter to be left behind)।

निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्य

25 जनवरी, 1950 को चुनाव आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन हुआ था। चुनाव आयोग एक स्वायत्त, अर्द्ध न्यायिक, संवैधानिक निकाय है। चुनाव आयोग के काम-काज में कार्यपालिका का कोई हस्तक्षेप नहीं होता। चुनाव आयोग के प्रमुख काम हैं निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करना, मतदाता सूची तैयार करना, राजनीतिक दलों को मान्यता और चुनाव चिन्ह देना, उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच करना, उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की जांच करना और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना।

पहले आम चुनाव में 28 लाख महिला मतदाताओं का नाम हटाया गया था

भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे, जिन्होंने 21 मार्च, 1950 से 19 दिसंबर, 1958 तक कार्यभार संभाला था। सुकुमार सेन को प्रशासकीय सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पद्मभूषण से 1954 में सम्मानित किया गया था। वे पश्चिम बंगाल से थे। उनके कार्यकाल में 1951-52 और 1957 के आम चुनाव हुए थे। उत्तर भारत की ज्यादातर महिलाओं ने संकोचवश मतदाता सूची में अपना खुद का नाम न लिखाकर, अमुक की पत्नी या फलां की मां इत्यादि लिखा दिया था। मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन इस बात से खासे नाराज थे। उनके विचार में यह प्रथा

'अतीत का एक अजीबोगरीब और मूर्खतापूर्ण अवशेष' था। उन्होंने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदाता सूची में सुधार करें और ऐसे 'मतदाताओं के महज कौटुंबिक व्याख्या' के स्थान पर उनका स्वयं का नाम अंकित करें। इसके कारण करीब 28 लाख से ज्यादा महिला मतदाताओं का नाम सूची से बाहर करना पड़ा। उनके नामों को हटाने से काफी विवाद भी हुआ था, उसके बारे में सेन की राय थी कि यह अच्छा ही हुआ। इस विवाद से लोगों में जागरूकता आएगी और अगले चुनावों तक उनका यह पूर्वाग्रह दूर हो जाएगा। उस समय तक महिलाएं अपने खुद के नामों के साथ मतदाता सूची में अंकित हो चुकी होंगी। इसका जिक्र भारतीय चुनावों पर लंबे रिसर्च के बाद डॉ. ऑरनिट शानी ने अपनी किताव हाउ इंडिया विकम डेमोक्रेटिक : सिटिजनशिप एंड द मेकिंग ऑफ यूनिवर्सल फ्रेंचायजी में भी किया है। भारत के 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त बने टीएन शेषन ने अपने कार्यकाल में बहुत से सुधार किए थे। चुनाव आयोग की सख्ती का असर चुनावों में दिखने लगा और चुनावों में बेतहाशा पैसों की बर्बादी पर भी एक हद तक रोक लगी। शेषन ने चुनाव आचार संहिता को कड़ाई से लागू कराया था। अक्टूबर 1989 तक सिर्फ एक ही चुनाव आयुक्त हुआ करते थे। इसके बाद 16 अक्टूबर, 1989 से लेकर 1 जनवरी, 1990 के बीच यह तीन सदस्यीय निकाय बन गया। उसके बाद इसे फिर एक सदस्यीय निकाय बना दिया गया, लेकिन 1 अक्टूबर, 1993 को इसे तीन सदस्यीय निकाय बना दिया। वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव सुशील चंद्रा हैं।

भारतीय निर्वाचन संबंधी कुछ प्रमुख नियम

प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मतदाता सूची होती है। संविधान के अनुच्छेद 326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार मतदाता के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यूनतम आयु 18 साल है।

पहले मतदाता के रजिस्ट्रीकरण के लिए आयु 21 साल थी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 को संशोधित करने वाले 1989 के 61वें संशोधन अधिनियम के द्वारा मतदाता के पंजीकरण की न्यूनतम आयु को 18 साल तक कम कर दिया गया है। इसे 28 मार्च, 1989 से लागू किया गया है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार 'अर्हता की तारीख' का अर्थ है उस साल के जनवरी माह का पहला दिन जिस साल में निर्वाचक नामावली अन्तिम रूप से प्रकाशित की जाती है।

कोई व्यक्ति, जो भारत का नागरिक नहीं है, मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं हो सकता। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के साथ पठित संविधान का अनुच्छेद 326 इस विन्दु का स्पष्टीकरण करता है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार कोई व्यक्ति जो किसी निर्वाचन क्षेत्र का मामूली तौर पर निवासी है उस निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा, तो भी ऐसे अनिवासी भारतीय नागरिक जो भारत सरकार के अधीन किसी पद पर भारत के बाहर नियुक्त हैं, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने के पात्र हैं।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार कोई व्यक्ति उसी निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक स्थानों में अथवा एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत नहीं हो सकता है।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और निर्वाचन के प्रति उनकी सहभागिता बढ़ाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने 2009 में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) का गठन किया। इसके तहत राष्ट्रीय, राज्य, जिला, तहसील, ग्राम हर स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए अलग-अलग प्रयास किए जाते हैं। वर्ष 2018 में नवम्बर में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना में हुए चुनावों में भी स्वीप के तहत विभिन्न निर्वाचन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश की यदि बात करें तो मानव श्रृंखला बनाकर नोटा के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। दशहरे पर लोकतंत्र का प्रतीकात्मक रावण बनाया गया। तो इस बार के चुनाव में महिलाओं के लिए अलग पोलिंग बूथ यानी पिंक पोलिंग बूथ बनाए गए। हर जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्रांड एम्बेस्डर भी नियुक्त किए गए। रंगोली, स्लोगन, क्विज कॉन्टेस्ट, बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान जैसी गतिविधियां भी की गईं। ऐसे मतदाता जो दिव्यांग हैं, उन्हें पोलिंग बूथ तक लाने ले जाने के लिए कई जगह विशेष वाहन भी चलाए गए। साथ ही व्हील चेयर की भी सुविधाएं उपलब्ध थीं। स्पेशल मतदाताओं ने भी मैं कर सकता हूं तो आप क्यों नहीं के आधार पर अपने वीडियो मैसेज मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए जारी किए। फेसबुक पेज, मोबाइल एप्लीकेशन, वॉट्सएप मैसेज के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किए गए। साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण भी चुनाव के पहले कर्मचारियों को दिया गया, ताकि वे बोलने-सुनने में असमर्थ लोगों को भी मतदान का महत्व बता सकें और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर सकें। इसके लिए बोलने-सुनने में असमर्थ बच्चों के भी साइन लैंग्वेज वाले वीडियो मैसेज भेजे गए। लोक भाषा में गीत संगीत के माध्यम से भी मतदान के लिए प्रचार किया गया।

मतदाता हेल्पलाइन एप

'मतदाता हेल्पलाइन' एप आपको निर्वाचक नामावली में अपना नाम खोजने, ऑनलाइन प्ररूप भरने, निर्वाचनों के बारे में जानने, और सबसे महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज करने की आसान सुविधा उपलब्ध कराता है। आपकी भारत निर्वाचन आयोग के बारे में हरेक बात तक पहुंच होगी। आप नवीनतम प्रेस विज्ञप्ति, वर्तमान समाचार, आयोजनों, गैलरी तथा और भी बहुत कुछ देख सकते हैं। आप अपने आवेदन प्ररूप और अपनी शिकायत की वस्तु स्थिति के बारे में पता कर सकते हैं। स्मार्ट फोन में आप इस एप को डाउनलोड कर सकते हैं।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

क्रमांक/207/स्था/अराज/एनएचएम/2022 जबलपुर, दिनांक : 10.01.2022

विज्ञप्ति

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वीकृत मानव संसाधन को संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

(विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग फार्म एवं डीडी प्रस्तुत करें।)

स. क्र.	पद का नाम	निश्चित संविदा मासिक वेतन	कुल पद संख्या	रिक्त पदों की संख्या					कार्यक्रम
				अना-रक्षित (UR)	ई.डब्ल्यू. एस. (EWS)	अनु. जनजाति (ST)	अनु. जाति (SC)	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	
01	स्टॉफ नर्स (महिला)	रु. 20,000/-	12	5	2	1	2	2	शिशु रोग विभाग (एस.एन.सी.यू.)
02	फार्मासिस्ट	रु. 15,000/-	01	01	0	0	0	0	NVHCP राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस कंट्रोल प्रोग्राम
03	स्टॉफ नर्स (महिला)	रु. 20,000/-	01	0	0	0	0	0	पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग आरबीएसके कार्यक्रम

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 7.02.2022

- आवेदन-पत्र दिनांक 07.02.2022 तक "मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज" के कार्यालय में सायं 5.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप या डाक द्वारा प्राप्त हो जाना चाहिये। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों के लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। (अधिष्ठाता कार्यालय के आवक शाखा में रखी ड्राप बॉक्स में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा तथा लिफाफे में ऊपर "पद का नाम" एवं प्रोग्राम अनिवार्य रूप से अंकित करें।)
- आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक कार्यक्रम के प्रत्येक पद हेतु केटेगरी अनुसार अनारक्षित पद के लिये रु. 500/- तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. के लिये 250/- रु. का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जो "अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर" के नाम से हो, आवश्यक रूप से संलग्न करें। (मूल प्रति)
- आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता, चयन प्रक्रिया आदि की जानकारी एवं विस्तृत विवरण कॉलेज की वेबसाइट **www.nscbmc.ac.in** से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
जी-21500/46486/2022 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-धार मध्यप्रदेश

Email - cmhodha@gmail.com, cmhodha@mp.nic.in, dpmudha-mp@mp.nic.in
Phone - 07292-235246

क्रमांक/स्थापना/एन.एच.एम./2022/118 धार, दिनांक : 13.01.2022

विज्ञप्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र पत्र क्र./एनएचएम/एचआर/सेल-1/2021/217 भोपाल, दिनांक 10.01.2022 के माध्यम से कोविड-19 के वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त मानव संसाधन स्वीकृति दिनांक 01.01.2022 से 60 दिवस (2 माह) तक प्रदान की गई है। उक्त निर्देशों के परिपालन में निम्नानुसार पूर्णतः अस्थायी पदों के विरुद्ध आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क्र.	पदनाम	पद संख्या	पद हेतु अनिवार्य योग्यता	मानदेय
1.	पी.जी.एम.ओ. (मेडिसिन/पल्मोनोलॉजिस्ट/ शिशुरोग)	03	एम.डी. मेडिसिन एम.डी. पल्मोनोलॉजिस्ट शिशुरोग विशेषज्ञ	125000/- (डिग्रीधारी हेतु) 110000/- (डिप्लोमा धारी हेतु)
2.	चिकित्सा अधिकारी	04	MBBS (मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय) एवं मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल में जीवित पंजीयन	60000/-
3.	लैब टेक्निशियन	02	पैथालॉजी का 02 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डी.एम.एल.टी.) अथवा पैथालॉजी का डिग्री पाठ्यक्रम (बी.एम.एल.टी.) अथवा पैथालॉजी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.एम.एल.टी.) तथा म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद में जीवित पंजीयन	15000/-

उपरोक्त पूर्णतः अस्थाई पदों के विरुद्ध **आवेदन विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से आगामी 05 दिवस तक** ही स्वीकार किये जावेंगे। इच्छुक आवेदक जो उपरोक्तानुसार पद के सम्मुख उल्लेखित योग्यताधारी हो अपने हस्तलिखित आवेदन मय पदेन योग्यता से संबंधित समस्त दस्तावेज अनिवार्यतः संलग्न कर आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धार, पता खंडेराव टेकरी माण्डव रोड धार 454001 पर स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया मेरिट आधारित होगी।

नोट - ईमेल, डाक/कोरियर के माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जावेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जी-21489।/46485/2022 जिला धार (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग सागर (म.प्र.)

निविदा सूचना 07/सेतु/सागर/2021-22 सागर, दिनांक : 07.01.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. सागर जिले के घाटखेड़ी-निभोरा मार्ग के कि.मी. 1/2 में सिंदूर नदी पर उच्चस्तरीय पुल, पहुंच मार्ग, सुरक्षा कार्य सहित। (प्रथम आमंत्रण)।

टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार दस्तावेज जमा करने हेतु (एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2022_PWDRB_177817_1	सागर	रु. 435.59	रु. 4,35,590/-	रु. 15,000/-	12 माह (वर्षाकाल छोड़कर)	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	केवल ऑनलाइन जमा की जावेगी।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम दिनांक 27.01.2022 सायं 17.00 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-21409/46489/2022 लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, सागर (म.प्र.)

कार्यालय क्षेत्रीय उपसंचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, भोपाल क्षेत्र सोनागिरी भोपाल मध्यप्रदेश

क्रमांक/सामान्य/2022/35 भोपाल, दिनांक : 07.01.2022

विषय :- इटारसी जिला होशंगाबाद म.प्र. में बीमा चिकित्सा व्यवसायी की नियुक्ति बाबत

रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी, जो मान्य M.B.B.S. डिग्री धारक हो तथा निजी चिकित्सा व्यवसाय का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो अथवा किसी प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्य का एक वर्ष का अनुभव हो अथवा एलोपैथी पद्धति में कर्मचारी राज्य बीमा सेवाओं के अंतर्गत ईटारसी, जिला होशंबाबाद म.प्र. में बीमा चिकित्सा व्यवसायी के लिये कार्य कर सके, से आवेदन आमंत्रित हैं।

चयन किये गये चिकित्सा व्यवसायी को अधिकतम लगभग एक हजार बीमित व्यक्ति जो क्षेत्र की बीमा योजना में आते हैं, आवंटित किये जायेंगे, उन्हें बीमित एवं योजना के प्रावधान अनुसार उन्हें तथा उनके परिवार के सदस्यों का आउट पेशेन्ट चिकित्सा उपलब्ध कराना होगी।

चिकित्सा व्यवसायी का समय-समय पर राज्य शासन के तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम की अनुशंसा अनुसार प्रति बीमित कार्ड प्रतिवर्ष की दर से भुगतान किया जावेगा। वर्तमान में यह दर रुपये 250/- प्रति बीमित व्यक्ति प्रति वर्ष है।

कार्य में रुचि रखने वाले चिकित्सक मय स्वयं की जानकारी, पूर्ण योग्यता, अनुभव, मेडिकल कौंसिल का रजिस्ट्रेशन की पूर्ण जानकारी व स्वयं के क्लीनिक का विस्तृत पता ब्यौरा आदि की जानकारी तथा स्वयं के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता को **सूचना प्रकाशित होने के 15 दिन के अंदर** प्रेषित करें।

बीमा चिकित्सा व्यवसायी की नियुक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं शर्तें आदि कार्यालय क्षेत्रीय उपसंचालक, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें भोपाल सोनागिरी भोपाल, में उपलब्ध है।

क्षेत्रीय उपसंचालक
जी-21453/46488/2022 कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें भोपाल क्षेत्र भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, संभाग-जबलपुर
द्वितीय तल सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू.क्र. - 04/2021-22/289 भोपाल, दिनांक : 06.01.2022

निविदा आमंत्रण अल्प सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संभाग-जबलपुर एवं रीवा की ओर से निम्नलिखित जिलों में विभिन्न जिला चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) 02 लिफाफा एवं 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्रमांक 2021_DHS_	जिला का नाम	विकास खण्ड का नाम	सिविल अस्पताल/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ उपस्वास्थ्य केन्द्र की संख्या	अनु. लागत राशि रु. लाख में
1.	2021_DHS_175303	जबलपुर	शहपुरा	01	5.84
2.	2021_DHS_175304	छिन्दवाड़ा	परासिया	01	7.04
3.	2021_DHS_175305	अनूपपुर	पुष्पराजगढ़	01	5.74
4.	2021_DHS_175306	बालाघाट	बैहर, कटंगी एवं वारासिवनी	03	11.71
5.	2021_DHS_175307	डिण्डोरी	शहपुरा	01	12.35
6.	2021_DHS_175308	कटनी	विजयराघौगढ़ बड़वारा बहुरीबंद	03	17.12
7.	2021_DHS_175309	सीधी	सीधी मझौली सिंहावल रामपुर नैकिन	04	34.11
8.	2021_DHS_175310	उमरिया	उमरिया पाली मानपुर	03	51.87
9.	2021_DHS_175311	कटनी	कटनी	01	66.52
10.	2021_DHS_175312	सिवनी	सिवनी एवं छापरा	01	115.06
11.	2021_DHS_175313	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर एवं गोटेगांव	04	175.51
12.	2021_DHS_175314	नरसिंहपुर	बाबई चिचली एवं चावरपाठा	05	219.40

उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.01.2022 प्रातः 10.30 से 25.01.2022 समय 17.30 बजे** तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-21429/46487/2022 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
द्वितीय तल सतपुड़ा भवन भोपाल

नि.आ.सू. क्रमांक/11/एन.एच.एम./सं.भो/2021-22/260 भोपाल, दिनांक : 10.01.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत भोपाल संभाग की ओर से निम्नलिखित जिलों के विभिन्न विकासखण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण कार्यों हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस दरों पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	निविदा क्रमांक 2021_DHS	जिला का नाम	विकासखण्ड का नाम	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन की संख्या	अनुमानित लागत राशि रु. लाख में	समयासीमा वर्षाकाल सहित
1.	178160	भोपाल	फंदा	01	164.92	12 माह
2.	178163	बैतूल	आमला	01	164.92	12 माह
3.	178165	सीहोर	बुदनी	01	164.92	12 माह
4.	178166	हरदा	खिरकिया	01	164.92	12 माह
5.	178167	होशंगाबाद	केसला	01	164.92	12 माह
6.	178169	विदिशा	सिरोंज	01	164.92	12 माह
7.	178170	राजगढ़	खिलचीपुर एवं सारंगपुर	02	208.80	15 माह

उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 13.01.2022 प्रातः 10.30 से 25.01.2022 समय 17.30 बजे तक** ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं एवं निविदा की विस्तृत सूचना व अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-21574/46490/2022 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

SAINIK SCHOOL, REWA (M.P.)

(Functioning under Sainik Schools Society, Ministry of Defence, New Delhi)

RECRUITMENT OF EMPLOYEES ON CONTRACTURAL BASIS FOR A PERIOD OF ONE YEAR FROM THE DATE OF APPOINTMENT

NOTE : THIS IS NOT A STATE OR CENTRAL GOVERNMENT JOB

1. Sainik School Rewa invites applications for the following posts on contractual basis for a period of one year from the date of appointment. Contractual period will be preferably for one year in case of no interruption due to COVID-19. In case of interruption contractual period may get shortened :-

Heads	PEM/PTI Cum Matron	Female General Employee (Ayah)	Nursing Sister (Female)
No of Post (s)	01	02	01
Gender	Female	Female	Female
Reservation	UR	UR	OBC (NCL)
Essential Academic Qualification	Bachelor of Physical Education (B.P. Ed) - Four Years Degree Course Or Three Years Graduation + One Year B.P. Ed Diploma Or B.Sc. Physical Education; Health Education & Sports + One Year B.P. Ed Diploma	Matriculation Pass.	(i) Nursing Diploma/Degree. (ii) 1 years experience.
Desirable Qualification	Working experience in Residential Schools.	Working experience in Residential Schools.	Working experience in Residential Schools.
Age (on 22 Feb. 22)	21 to 35 Yrs.	18 to 50 Yrs.	18 to 50 Yrs.
Consolidated Pay	₹ 18,000/- Per Month	₹ 18,000/- Per Month	₹ 18,000/- Per Month

2. Structure of Selection Process :-

Phase	Examination
1st Phase	Written Test
2nd Phase	Practicle Test/Physical Test
3rd Phase	Interview

3. **How to Apply -** Desirous candidates should apply to the **Principal, Sainik School, Rewa (M.P.) 486001** in prescribed format available in school website **www.sainikschoolrewa.ac.in** along with attested copies of certificates and testimonials. Please superscribe the envelope with the name of post applied for. Applications received late/without deposition of application fee/not in prescribed format will be rejected without any intimation.
4. **Application Fee -** Application fee (non-refundable) of Rs. 500/- to be submitted in the form of Nationalised Bank's Demand Draft payable at Rewa in favour of Principal, Sainik School Rewa. Demand draft is required to be attached with Application.
5. Last Date for submission of Application is **22 Feb 2022.** The school will not be responsible for any postal delay and no claim will be entertained. Applications received after last date will not be entertained.
6. **Call letters -** Call letters will be issued to all eligible candidate by Regd/Speed Post/email. Candidates are required to submit self-addressed envelope size 9'x4' along with application form for sending call letters.
7. **Application forms submitted earlier against advertisement published on 01 Feb. 2021 in Rojgar Nirman, Bhopal will be considered as per QR published in this advertisement. Applicants applied earlier need not to apply again.**
8. The school administration reserves the right to increase/decrease/cancel the vacancy due to administrative/policy reasons. No formal intimation will be given to applicants.

R-46493/2022 **Principal, Sainik School, Rewa**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर

फोन नं. - 0751-2371231, ईमेल - eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 46/टी.सी./डी-1 ग्वा./2021-22 **दिनांक : 29.12.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 46 ग्वालियर दिनांक 29.12.2021 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020/29.8.2017 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	(1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
1.	2021_PWDRB_171453_1	निर्माण कार्य ए.बी. रोड से बरागांव मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. अण्डर मुख्यालय उपसंभाग क्र.-1 ग्वालियर	1. 423.91 लाख 2. 423910/-	15000/- + (पोर्टल चार्ज)	08 माह वर्षाकाल रहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
2.	2021_PWDRB_171454_1	निर्माण कार्य मेंटल चौराहा से कोटेश्वर मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. अंडर मुख्यालय उपसंभाग क्र.-1 ग्वालियर	1. 770.68 लाख 2. 770680/-	20000/- + (पोर्टल चार्ज)	10 माह वर्षाकाल रहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
3.	2021_PWDRB_171458_1	मुख्यालय उपसंभाग क्र.-1 ग्वालियर के बी.टी. नवीनीकरण कार्य किला कैम्पस पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. एवं जे.ए.एच. कैम्पस मार्ग लंबाई 3.00 कुल लंबाई 5.00 कि.मी. (तृतीय आमंत्रण)	1. 75.41 लाख 2. 75410/-	10000/- + (पोर्टल चार्ज)	4 माह वर्षाकाल रहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या - 03 (तीन)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि - 31.12.2021 प्रातः 10.30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **24.01.2022 सायं 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि 25.01.2022 प्रातः 17.30
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.1
जी-21582/46492/2022 **ग्वालियर (म.प्र.) फोन- 07512371231**

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :- cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक :- 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 01/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2022) **भोपाल, दिनांक : 10.01.2022**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. पचमढ़ी हवाई पट्टी का निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2022_PWDRB_178082_1	होशंगाबाद	प्लान	तृतीय	919.38	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. ग्राम सनकोट से सिराली मार्ग का निर्माण कार्य लं.-7.50 कि.मी.।					
2022_PWDRB_178083_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	द्वितीय	1137.42	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. पिपलानी से आमलापानी मार्ग का निर्माण कार्य लं.-5.82 कि.मी.।					
2022_PWDRB_178084_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	द्वितीय	889.65	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. जमुनियाकलां से रानीपुर तक सी.सी. मार्ग (छुटी हुई लंबाई) का मजबूतीकरण कार्य लं.-3.90 कि.मी.।					
2022_PWDRB_178085_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	द्वितीय	554.29	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. ग्राम नया गांव से सनकोटा मार्ग का निर्माण कार्य लं.-6.00 कि.मी.।					
2022_PWDRB_178086_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	द्वितीय	575.87	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. बांया से टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं.-5.00 कि.मी.।					
2022_PWDRB_178087_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	द्वितीय	506.02	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना है।
		योग		**3663.25**	

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य यही है कि लोगों को शुद्ध सामग्री मिले और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं। जहरीली शराब का विक्रय करने वाले नर पिशाच हैं। इनकी जड़ों पर प्रहार किया जाए। खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावट करने के दोषी व्यक्तियों से अर्थदण्ड की वसूली कर इनके लायसेंस और पंजीयन भी निलंबित किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मिलावट के विरुद्ध संचालित अभियान, नागरिकों को दिखना भी चाहिए। इससे आमजन के मन में विश्वास जागृत होता है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के मुद्दे पर सरकार मजबूती से काम कर रही है।

प्रदेश में हो रही है मिलावटियों पर कार्यवाही

श्री चौहान ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों से संबंधित अपराधों पर ठोस कार्यवाही करने वाले ग्वालियर, इंदौर, मुरैना और खरगोन जिले को बधाई दी। ग्वालियर में दो माह में 11 मिलावट खोरों से 15 लाख 50 हजार का माल जब्त कर उन पर 3 लाख 32 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया।

सोलह जनवरी को

राष्ट्रीय स्टार्टअप-डे के रूप में मनाने की घोषणा का स्वागत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप-डे के रूप में मनाने की घोषणा का स्वागत किया है।

श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा है कि 'दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री मोदी की घोषणा 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के रूप में मनाने के लिए देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में स्टार्टअप संस्कृति का प्रसार करेंगे। यह भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के स्वर्ण युग की शुरुआत है, जो जुनून, ईमानदारी और अखंडता से भरा है।'

दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए चिकित्सा संस्थान आगे आयें

भोपाल, मध्यप्रदेश में दूरस्थ क्षेत्रों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार के लिए बड़े चिकित्सा संस्थान आगे आयें। राज्य सरकार प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सुनियोजित पॉलिसी लाने पर विचार कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के नेशनल अस्पताल में विश्व की आधुनिक और मध्य भारत की पहली आधुनिक कैथ लैब के उद्घाटन अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 जनवरी का दिन देश के लिए भी विशेष और महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज ही के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड से युद्ध के लिए वैक्सीन की शुरुआत की थी। उन्होंने वैज्ञानिकों सहित डॉक्टर्स और वैक्सीनेशन से जुड़े हर एक व्यक्ति और संस्थाओं को धन्यवाद भी दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल अस्पताल में आज से हृदय रोगियों के लिये शुरू हुई यह कैथ लैब परफेक्ट रिजल्ट देगी, जिससे रोगी का एकदम सही उपचार हो सकेगा। श्री चौहान ने कोविड काल में चिकित्सा संस्थानों के मिले सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पताल सेवाभावी बने और व्यावसायिक मानसिकता से बचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समर्पण भाव से की गई रोगियों की सेवा से बड़ा कोई महान प्रतिफल हो ही नहीं सकता। नेशनल अस्पताल इस नए कैथ लैब के मार्फत मध्यभारत में अपने सेवा-भाव से नई पहचान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कैथ लैब का उद्घाटन कर लैब के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली।

कोई भी व्यक्ति फुटपाथ पर न सोए इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सर्द रातों में गरीब भाई-बहन विशेषकर मजदूरी करने आये लोगों को जिन्हें जगह नहीं मिलती और वह सड़क किनारे फुटपाथ पर सो जाते हैं। ऐसे लोगों को रैन बसेरा में सहारा मिलता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति फुटपाथ पर न सोए इसकी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि फुटपाथ पर सोने वाले व्यक्तियों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। रैन बसेरों की सुविधायें और स्थान बढ़ाने की जरूरत है, जिससे अधिक से अधिक लोग सुविधा प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ठंड में रैन बसेरों का जायजा लेते हुये।

श्री चौहान ने शाहजहानी पार्क, हमीदिया अस्पताल रैन बसेरा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बुधवारा स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां ठहरे लोगों से रैन बसेरा द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने शाहजहानी पार्क रैन बसेरा में दो व्यक्तियों की तबीयत ठीक नहीं होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रैन बसेरा में पलंगों की संख्या बढ़ाने के लिए एक के ऊपर एक पलंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने बताया कि यहां ठहरे लोगों ने उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्टि जाहिर की। श्री चौहान ने कहा कि पिछले वर्षों की भांति इस साल भी मैं सर्दी में अपने श्रमिक भाई-बहनों का कुशलक्षेम पूछने आया हूं। उन्होंने बताया कि यहां कंबल भी है, अलाव भी जल रहा है, दीनदयाल रसोई से भोजन मिलता है। मुख्यमंत्री ने भोपाल के चार बत्ती चौराहा, बुधवारा स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लेते हुए वहां ठहरे मजदूर भाई-बहनों के लिए सर्दी से बचाव की उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुधवारा में हाथ ठेला और अन्य मजदूरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री चौहान ने रेलवे स्टेशन भोपाल पर पहुंचकर फुटपाथ पर बैठे और सो रहे मजदूरों और अन्य लोगों से उनके हालचाल जाने। मुख्यमंत्री ने नादरा बस स्टैंड पर पहुंचकर रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सीधे किसानों के खाते में अंतरित करें अनुदान राशि

भोपाल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि शेडनेट हाउस और पॉली-हाउस बनाने वाले किसानों के खातों में अनुदान राशि डायरेक्ट ट्रांसफर की जाये। किसान निर्धारित स्पेशिफिकेशन की सामग्री को वेण्डर से खरीदने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

श्री कुशवाह ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में संरक्षित खेती, शेडनेट हाउस और पॉली-हाउस योजना में 98 हजार वर्ग मीटर में 31 किसानों द्वारा शेडनेट हाउस और पॉली-हाउस बनाने का प्रस्ताव दिया गया है।

श्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर में फूलों की हाईटेक नर्सरी (फ्लोरीकल्चर गार्डन) की स्थापना के लिये इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाली विशेषज्ञ फर्म का चयन कर उससे डीपीआर बनवाई जाये। उन्होंने कहा कि फ्लोरीकल्चर गार्डन अपने प्रकार का प्रदेश का पहला हाईटेक नर्सरी गार्डन होगा। श्री कुशवाह ने कहा कि पीएमएफएमई योजना फार्म लाइजेशन आरके माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेस में ऑनलाइन आवेदनों की स्थिति में पिछले हफ्ते की तुलना में इस हफ्ते सुधार हुआ है। बैंकों द्वारा प्रकरणों में स्वीकृतियां भी जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुल प्रस्तुत 1327 आवेदनों में से बैंक द्वारा 175 में स्वीकृति दी गई है और 522 प्रकरणों में स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलित है। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने विभागीय अधिकारियों को बैंकों से समन्वय कर सभी प्रकरणों में स्वीकृतियां दिलाने की बात कही। उन्होंने योजना में जिलेवार प्रगति की समीक्षा भी की।

श्री कुशवाह ने कहा कि जैविक उद्यानिकी खेती करने वाले किसानों की जिलेवार सूची बनाकर किसानों के समूह बनायें। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को जैविक पद्धति से खेती करने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। राज्यमंत्री ने कहा कि उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिये एक जिले में कम से कम एक फसल प्रोडक्ट ऐसा तैयार करें, जिसे देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में निर्यात किया जा सके। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन 31 जनवरी तक स्थगित

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने 31 जनवरी, 2022 तक आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन को स्थगित कर दिया है।

संचालक महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने बताया कि 31 जनवरी तक आंगनवाड़ी संचालन की स्थिति स्थगित रहने तक गर्म पके भोजन के स्थान पर अब रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। साथ ही टेक होम राशन में पात्र हितग्राहियों को उनके घर पर पोषण आहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. भोंसले ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध कराई जाने वाली अन्य आवश्यक सेवाएं यथावत रहेंगी। प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को उक्त आशय की जानकारी देने एवं शासन के निर्णय का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। आंगनवाड़ी के हितग्राहियों को रेडी-टू-ईट पोषण आहार वितरण में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये निर्धारित मानक प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिये गये हैं।

अनेक समस्याओं का समाधान ज्ञान में समाहित है - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सीबीएसई एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 27वें वार्षिक सहोदय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुये।

भोपाल, दुनिया की अनेक समस्याओं का समाधान ज्ञान में समाहित है। स्वामी विवेकानंद जी ने जिस तरह की शिक्षा की बात की थी, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से लागू करने का संकल्प लिया है। स्वामी विवेकानंद जी शिक्षा में चरित्र-निर्माण को प्रमुख मानते थे। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान और कौशल के साथ ही नागरिकता के संस्कार देना भी है। नई शिक्षा नीति से एक देशभक्त, कर्मठ, ईमानदार और आदर्श मनुष्य के निर्माण का कार्य होगा। जब दुनिया में सभ्यता का सूर्य नहीं निकला था, तब भारत में तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षा की नींव रखी गई थी। उस प्राचीन नींव पर हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नव-निर्माण का कार्य प्रारंभ किया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सीबीएसई एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित 27वें वार्षिक सहोदय कॉन्क्लेव को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा प्राचीन भारत की शिक्षा प्रणाली आधुनिक शिक्षा प्रणाली में विकसित हो रही है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का शिक्षा के लगभग सभी क्षेत्रों में उपयोग किया जा रहा है। स्कूल परिसरों की अवधारणा पिछले एक दशक में मजबूत हुई है। सीबीएसई बोर्ड के साथ पंजीकृत स्कूलों के परिसरों की संख्या कई गुना बढ़ी है। सीबीएसई शिक्षा के लिए नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। श्री चौहान ने कहा कि 27वें वार्षिक स्नेह सम्मेलन के आयोजन का दायित्व मध्यप्रदेश की ग्वालियर की सहोदय समिति को मिला है, जो प्रसन्नता का विषय है। भारत की कुछ प्रमुख सहोदय समितियों में से एक यह समिति बहुमुखी शिक्षा का मंच है। समिति ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यक समन्वय में सफल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति को जमीन पर उतारने का संकल्प है। साथ ही सीएम राइज विद्यालय भी विकसित किए जा रहे हैं, जो पुस्तकालय, प्रयोगशाला जैसी जरूरी सुविधाओं से लैस होंगे। ग्लोबल स्किल पार्क युवाओं को हुनर में दक्ष बनाकर रोज़गार के लिए सहयोग करेगा। श्री चौहान ने अपने प्राइमरी स्कूल टीचर श्री रतन चंद जैन का स्मरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षक विद्यार्थियों को गढ़ने का कार्य करते हैं। उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' स्मारिका का विमोचन और कला प्रदर्शनी का आयोजन भी हुआ।

अध्यक्ष सहोदय समिति ग्वालियर सुश्री निशि मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि समिति व्यास पीठ के रूप में ग्वालियर के विद्यालयों के प्राचार्यों के वैचारिक आदान-प्रदान का योगदान दे रही है। वर्ष 2005 में 16 सदस्यों के साथ स्थापित ग्वालियर समिति आज 50 से अधिक विद्यालय सदस्य हैं और सीबीएसई के सहोदय कार्यों में सच्चे अर्थों में योगदान दे रहे हैं। सीबीएसई सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्सेज उन संबद्ध स्कूलों का समूह है, जो स्कूली शिक्षा में पठन-पाठन के बेहतर तरीकों, नवाचारों को लागू करने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करते हैं। ये विद्यालय स्वैच्छिक रूप से एकजुट होकर पाठ्यक्रम बनाने, अध्यापन कार्य और शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण के प्रयासों में सहयोग करते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री फसल बीमा और राहत राशि से क्षतिग्रस्त फसल की करेंगे भरपाई

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ जिले में ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त किसानों के लिये राहत राशि की घोषणा करते हुये।

भोपाल, ओलावृष्टि से प्रभावित बीमित फसल का 25 प्रतिशत बीमा कम्पनी एडवांस में भुगतान करेगी। शेष 75 प्रतिशत राशि सेटलमेंट होने के बाद बीमा कम्पनी द्वारा संबंधित कृषकों को भुगतान किया जाएगा। राहत राशि राज्य सरकार देगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा और राहत राशि मिलाकर किसानों को उनकी फसल क्षति की भरपाई की जाएगी। कोई भी गरीब किसान राहत राशि से वंचित नहीं रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ जिले के छायन ग्राम में ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त सरसों, गेहूं, चना और मसूर की फसलों का जायजा लेते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाई परेशान न हों, संकट के समय सरकार उनके साथ है और उन्हें इस संकट से भी निकालेगी। प्रभावित कृषकों की बेटियों का विवाह है, तो वह भी राज्य सरकार कराएगी। किसानों को तकलीफ से बाहर निकालना उनका धर्म है, कर्तव्य है और उनकी ड्यूटी भी है।

श्री चौहान ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि एक-एक गांव का सर्वे हो। सर्वे सूची ग्राम में चस्पा कराई जाए, जिससे छूटा हुआ कृषक आपत्ति दर्ज कराकर अपना नाम सर्वे सूची में जुड़वा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वे कार्य चोरी-छुपे नहीं हो, कोई भी प्रभावित कृषक छूटे नहीं। सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें की सर्वे का कार्य पारदर्शिता और संवदेनशीलता के साथ हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां गेहूं, सरसों, चना, मसूर की फसल को ओलावृष्टि से 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है वहां प्रति हेक्टेयर 30 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की जाएगी। पशुओं की मृत्यु होने पर गाय-भैंस के मामले में 30 हजार रुपये प्रति पशु, बैल-भैंसा की मृत्यु होने पर 25 हजार रुपये, बछड़ा-बछड़ी की मृत्यु होने पर 16 हजार रुपये, बकरा-बकरी की मृत्यु होने पर 3 हजार रुपये तथा मुर्गा-मुर्गी की मृत्यु होने पर 60 रुपये प्रति मुर्गा-मुर्गी राहत राशि प्रदान की जायेगी।

श्री चौहान ने कालीपीठ क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी करने की शिकायत मिलने पर प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सुरेश वर्मा और फूड इंस्पेक्टर श्री जसराम जाटव को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों का हक छीनने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन्हें जेल भिजवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का राशन खाने वालों की एफ.आई.आर. के साथ गिरफ्तारी भी हो।

आयशा मलिक

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज होंगी

आयशा मलिक पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज हो सकती हैं। एक उच्चाधिकारी समिति ने मलिक की पदोन्नति को मंजूरी दी है। लाहौर हाईकोर्ट की न्यायाधीश आयशा मलिक हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम ग्रेजुएट हैं। 2012 में लाहौर हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले वे एक प्रमुख कॉरपोरेट और कमर्शियल लॉ फर्म में पार्टनर थीं।

एमा टिमिस

न्यूजीलैंड को 21 दिन में दौड़कर पार किया

ब्रिटेन की एमा टिमिस ने 21 दिन से कम समय में न्यूजीलैंड के एक छोर से दूसरे छोर को दौड़ कर पार कर लिया। इस दौरान एमा ने करीब 2090 किलोमीटर की दूरी तय की। इस उपलब्धि के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज किया गया। एमा ने मेना इवांस का रिकॉर्ड तोड़ा है। इवांस ने इस दूरी को तय करने में 35 दिन का समय लगया था।

उर्जित पटेल

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक का वाइस प्रेसीडेंट नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 3 साल का होगा। वह डीजे पांडियन का स्थान लेंगे। पांडियन फिलहाल दक्षिण एशिया में एआईआईबी के सॉवरेन और गैर-सॉवरेन वित्त के प्रमुख हैं। 58 वर्षीय पटेल एआईआईबी के पांच उपाध्यक्षों में से एक हैं। ज्ञात रहे की पटेल ने 5 सितम्बर, 2016 को भारतीय रिज़र्व बैंक के 24वें गवर्नर का कार्यभार संभाला था, तब उन्होंने रघुराम राजन का स्थान लिया था।

डॉक्टर अजय शंकर पांडेय

संस्कृत में लिखे मुकदमों के फैसले

झांसी के कमिश्नर डॉक्टर अजय शंकर पांडेय ने राजस्व और शस्त्र लाइसेंस के मुकदमें के फैसले संस्कृत में लिखे। इसका हिन्दी अनुवाद मूल फाइलों में संलग्न करवाया गया है। 1911 में झांसी कमिश्नरी गठित होने के बाद संस्कृत में फैसला लिखने का यह पहला मामला है। मण्डलायुक्त के न्यायालय में छक्कीलाल बनाम राजाराम का एक जमीनी विवाद का मुकदमा चल रहा था। यह मामला 30 दिसम्बर, 2021 को दर्ज हुआ था। कमिश्नर ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद संस्कृत में दो पेज का निर्णय लिखा।

नैन्सी मेहर्न

92 साल की उम्र में भी करती हैं सर्फिंग

न्यूजीलैंड की 92 वर्षीय नैन्सी मेहर्न का सर्फिंग करने का शौक जुनून में बदल गया है। वे अपने घर से कुछ ही दूरी पर स्कारबोरो बीच पर 14 से 18 डिग्री सेल्सियस ठंडी समुद्री लहरों पर घंटो सर्फिंग कर आनंद लेती हैं। मेहर्न ब्रिटेन, भारत, लेबनान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और सीरिया में अध्यापन कर चुकी हैं।

अजय कुमार कक्कड़

नाइट कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश अंपायर से सम्मानित

भारतीय मूल के ब्रिटिश शिक्षाविद एवं हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य अजय कुमार कक्कड़ को नाइट कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश अंपायर (केबीई) से सम्मानित किया गया है। केबीई ब्रिटेन के वार्षिक नववर्ष सम्मान सूची में दूसरा सबसे बड़ा सम्मान है। कक्कड़ यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में सर्जरी के प्राध्यापक हैं।

एरिक एडम

न्यूयॉर्क के महापौर बने

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एरिक एडम ने न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वॉयर स्थित कार्यालय में शहर के महापौर पद की शपथ ली। 61 वर्षीय एरिक को शहर की जिम्मेदारी संभालने के साथ कोरोना महामारी की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंडपीठ की एसोसिएट जज सिल्विया ओ हिंड रेडिक्स ने एडम को महापौर पद की शपथ दिलाई।



टोनी ब्लेयर

नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को महारानी एलिजाबेथ ने नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया है। अब वह सर टोनी बन गए हैं। ब्लेयर को इंग्लैंड के सबसे पुराने और सबसे वरिष्ठ सम्मान ऑर्डर ऑफ गार्टर का सदस्य नियुक्त किया गया है, जिसे महारानी की पसंद के तौर पर बनाया जाता है। इसकी स्थापना 1348 में जन सेवा में उल्लेखनीय योगदान को पहचान देने के लिये की गई थी।

चीन में

पदस्थ अफगान राजदूत ने दिया इस्तीफा

चीन में अफगानिस्तान के राजदूत जाविद अहमद काएम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के बाद से उन्हें अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने इस के लिए अफगानिस्तान सरकार को ही जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि तालिबान के सत्ता में आने के बाद से हालात बहुत खराब हो गए हैं।

एस. सोमनाथ

इसरो के नये चेयरमैन नियुक्त

रॉकेट साइंटिस्ट एस. सोमनाथ को इसरो का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह के. सिवन का स्थान लेंगे। जिनका कार्यकाल पिछले साल पूरा हो गया था और एक साल का एक्सटेंशन इसी वर्ष 14 जनवरी को खत्म हो गया। सोमनाथ अभी विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम के डायरेक्टर हैं।

एलिजाबेथ द्वितीय

सात दशकों तक शासन करने वाली पहली महारानी होंगी

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सिंहासन पर बैठने के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ब्रिटेन में सैन्य परेड, जश्न समारोहों और प्लेटिनम जुबली के लिए कई मिठाइयां बनाने संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस दिन यानी 6 फरवरी से एलिजाबेथ द्वितीय सात दशकों तक शासन करने वाली ब्रिटेन की पहली महारानी बन जायेंगी। वर्षगांठ को चिन्हित करने वाले उत्सव 2 से 5 जून के कार्यक्रमों के साथ समाप्त होंगे।

सऊदी अरब

ऊंट परेड में पहली बार महिलाएं शामिल

सऊदी अरब में 'शिप्स ऑफ डेजर्ट' ऊंट सौंदर्य स्पर्धा में पहली बार महिलाओं को शामिल किया गया है। रुमाह में हुई स्पर्धा में अपने ऊंटों के साथ 40 महिलाएं शामिल हुईं। उन्होंने घोड़ों पर अपने दल का नेतृत्व किया। पांच विजयी रहीं। इन्होंने दो करोड़ की इनामी राशि भी जीती। रियाद में इन महिलाओं ने उक्त स्पर्धा के लिये बकायदा अभ्यास भी किया था।

समुद्री चील

अमेरिका में देखी गई

एशिया मूल का विलुप्त पक्षी सी ईगल (समुद्री चील) हाल ही में अमेरिका में देखा गया। इस पक्षी को बूथवे हार्वर हॉ में जॉन नामक फोटोग्राफर ने तस्वीर में कैद किया। उन्होंने एक पेड़ पर बैठे हुये बर्फ से ढके इस पक्षी की तस्वीर खींची। इसका वजन 20 पाउंड (करीब नौ किलो) है। यह पक्षी अपने मूल घर से 5 हजार मील से अधिक दूर है। पिछले महीने 21 दिसम्बर को इस पक्षी को मैसाचुसेट्स में देखा गया था। इस पक्षी के पंख 8 फीट लंबे हैं।

माया एंजेलो

अमेरिकी सिक्के पर आईं

अफ्रीकी-अमेरिकी लेखिका माया एंजेलो को अमेरिकी सरकार ने सिक्के पर स्थान दिया है। यह सम्मान पाने वाली वह पहली अश्वेत महिला हैं। सिक्के पर एंजेलो की तस्वीर अफ्रीकन वुमन क्वार्टर्स कार्यक्रम का हिस्सा है। अमेरिकी मिंट के डिप्टी डायरेक्टर वेंटिस गिब्सन ने बताया कि 25 सेंट के सिक्के पर एंजेलो की तस्वीर एक महिला के योगदान को सम्मान देने की कोशिश है।

चूहा 'मागावा'

बारूदी सुरंग से हजारों की जान बचाने वाले हीरो का निधन

जमीन में बिछी बारुदी सुरंग और विस्फोटक खोजकर हजारों जान बचाने वाले चूहे 'मागावा' ने 8 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। मागावा ने अपना जीवन कंबोडिया में बिताया, जहां जमीनी सुरंग विस्फोट में 64 हजार से अधिक लोग मर चुके हैं। उसने 5 साल में 225,000 वर्ग मीटर में सुरंगें खोजीं। मागावा ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगें और 38 विस्फोटक खोजे। मागावा 2020 में पीडीएसए गोल्ड मेडल से सम्मानित होने वाला पहला चूहा बना था।

मार्क रूट

चौथी बार बने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री

मार्क रूट चौथी बार नीदरलैंड के प्रधानमंत्री बन गये हैं। नीदरलैंड के नरेश विलेम एलेक्जेंडर ने एक नये सत्तारुढ़ गठबंधन को शपथ दिलाई जिसका नेतृत्व मार्क रूट ने चौथी बार किया। रूट ने यह शपथ ऐसे समय ली है जब पूरे देश में कोरोना के कारण लॉकडाउन लगा है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क को चौथे कार्यकाल के लिए शपथ लेने पर बधाई दी है।

स्मृति शेष

ऑस्कर विजेता हॉलीवुड स्टार सिडनी का निधन

ऑस्कर विजेता और हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता सिडनी पॉइटियर का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने ए पैच ऑफ ब्लू, द डेफियेंट वंस और अ रेसिन इन द सन जैसी यादगार फिल्मों में अभिनय किया। 20 फरवरी, 1927 को मियामी फ्लोरिडा में सिडनी का जन्म हुआ था। उनके पिता कृषि व्यवसाय करते थे।

विश्व की सबसे कम कद वाली महिला का निधन

दुनिया की सबसे कम कद की महिलाओं में शामिल एलिफ कोकामन की 33 साल की उम्र में मृत्यु हो गई। नाटे कद की महिला के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज है। वे बीमार थीं। उनकी ऊंचाई 2.5 फीट थी, वे दुनिया के सबसे कम कद वाली महिलाओं में शामिल थीं।

कन्नड़ साहित्यकार चंद्रशेखर का निधन

चंपा के नाम से मशहूर जाने-माने कन्नड़ साहित्यकार चंद्रशेखर पाटिल का 82 वर्ष की उम्र में बेंगलुरु में निधन हो गया। कवि और नाटककार पाटिल कन्नड़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष भी थे। वे कन्नड़ साहित्य की 'बंदया' शैली की अग्रणी आवाजों में से एक थे। कन्नड़ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर रहने के साथ वे 'संक्रमण' पत्रिका के संपादक थे। उन्हें कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार और पम्पा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

ख्याति प्राप्त कार्टूनिस्ट पद्मश्री नारायण देबनाथ का निधन

प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट साहित्यकार, चित्रकार, कथाकार पद्मश्री नारायण देबनाथ का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कई बंगाली हास्य पात्रों का निर्माण किया था। वे लंबे समय से बीमार थे। उनके बनाए कॉमिक किरदार 'बंटुल द ग्रेट', 'हांडा-भोंदा', नोंते-फोंते जनमानस में लोकप्रिय हुए थे। उन्हें पद्मश्री सहित कई अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए थे।

ओलिंपिक चैंपियन लेंडोर का निधन

त्रिनिदाद और टोबैगो के ओलिंपिक और विश्व पदक विजेता डीओन लेंडोर की 29 वर्ष की आयु में कार दुर्घटना में अमेरिका के टेक्सास में निधन हो गया।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

M.P. COUNCIL OF SCIENCE AND TECHNOLOGY

Vigyan Bhawan, Nehru Nagar, Bhopal – 462003

37th M.P. YOUNG SCIENTIST CONGRESS

Hosted on Virtual Platform by

Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya

Chitrakoot District Satna (MP) – 485334

The 37th M.P. Young Scientist Congress will be organized on Virtual Platform by Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya, Chitrakoot during **March 14-17, 2022**. The Research Scholars, Faculty Members, and Scientists working in Madhya Pradesh in any University, College, Research Institution are encouraged to submit research papers in the following disciplines **:** (1) Agricultural Sciences (2) Anthropology and Behavioral Sciences (3) Chemical Engineering (4) Chemical Sciences (5) Civil Engineering (6) Computer Science Engineering and Information Technology (7) Earth and Atmospheric Sciences (8) Electrical and Electronics Engineering, (9) Environmental Sciences (10) Home Sciences (11) Life Sciences (12) Mathematical Sciences (13) Mechanical Engineering (14) Medical Sciences including AYUSH (15) New Biology (Biotechnology, Biochemistry, Biophysics, Bioinformatics and Molecular Biology) (16) Pharmaceutical Sciences (17) Physical Sciences (18) Plant Sciences (19) Veterinary Science and Animal Husbandry.

Further details are available on website **www.mpysc.in** and also on Council's website **www.mpcost.gov.in** via link "M.P. Young Scientist Congress". Only online applications will be accepted and may be submitted **on or before February 21, 2022**. The print copy generated after online submission should reach "Convener, M.P. Council of Science & Technology, Vigyan Bhawan, Nehru Nagar, Bhopal–462003" on or before **February 25, 2022.**

(Contact : Phone : 0755-2433162, Fax: 0755-2671600; Email : mpysc.in@gmail.com)

M.P. Madhyam/103379/46513/2022 **DIRECTOR GENERAL**

Autonomous by UGC

PRESTIGE IS ABOVE ALL

PRESTIGE

ADVANCING CAREERS AND TRANSFORMING LIVES SINCE 1994

PIMR is a NAAC A++ Grade Autonomous Institute inviting applications from Qualified, Experienced, Research & Innovation Oriented Dedicated faculty.

APPOINTMENTS

ACADEMIC POSITIONS

• PROFESSOR • ASSOCIATE PROFESSOR
• ASSISTANT PROFESSOR • RESEARCH ASSOCIATE

Law: Criminal Laws, Business Laws, Civil Laws, Labour Laws, Cyber Laws, Taxation Laws, International Law

Management: Human Resource Management, Data Analytics, Digital Marketing, Finance, Operation Research, Supply Chain Management, Marketing, Quantitative Techniques, Systems, Accounts, International Business, Economics.

Humanities: History, Psychology, English/PD/Communication

Qualifications/ Salary/ Perks will be as per AICTE/ UGC/ BCI Norms.

For Law, preference to candidates from National Law Universities.

Weightage will be given to candidates with industry experience.

NON ACADEMIC POSITIONS

ASST PLACEMENT OFFICER• LIBRARIAN • ASST. LIBRARIAN • BOOK LIFTER

Apply with detailed CV with passport size photo, supporting documents, Phone / Mobile number & Email-id within 10 days to the Chairman, Prestige Education Foundation C/o Prestige Institute of Management & Research, 2, Education and Health Sector, Scheme-54, Indore - 452010 or Email CV to **hr@pimrindore.ac.in**

PRESTIGE INSTITUTE OF MANAGEMENT AND RESEARCH, INDORE

(Affiliated to DAVV. An Autonomous Institution Established in 1994, Thrice Accredited by NAAC with Highest Grade, now A++)

2, Education & Health Sector, Scheme No. 54, Near Bombay Hospital, **Indore**- 452010 (M.P.) India

R-46502/2022

अधिकारों के साथ जुड़े हैं कर्तव्य - मुख्यमंत्री

भोपाल, पंचायत राज संस्थाओं को कर्तव्यों और अधिकारों दोनों पर ध्यान देना है। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों और निर्माण कार्यों को बिना बाधा के क्रियान्वित करने, जरूरतमंदों को रोज़गारमूलक कार्यों से जोड़ने और हाल ही में कोविड की तीसरी लहर के प्रसार को रोकने में पंचायतों का पूर्ण उपयोग किया जाएगा। तीनों श्रेणियों की पंचायतों को इसके लिए आवश्यक प्रशासकीय अधिकार दिए जा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदेश की पंचायतों से जुड़े रहे सदस्यों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहीं। सभी जिलों में त्रि-स्तरीय पंचायतों की प्रशासकीय समितियों और उनके प्रधानों ने वेबकास्ट, फेसबुक लाइव, यूट्यूब, ट्वीटर और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर मुख्यमंत्री श्री चौहान का संबोधन सुना।

श्री चौहान ने कहा कि पंचायतों को जन-कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभानी है। अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े हैं। प्राप्त अधिकारों के माध्यम से पंचायतें सेवा और समर्पण का इतिहास रचें। यह देखें कि सभी जगह विकास के कार्य सुचारू रूप से चलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां आवश्यक है वहां तालाब-बावड़ी का जीर्णोद्धार भी करवाएं। यह अनुकूल समय है जब ऐसे कार्य करवाए जा सकते हैं। पंचायतें ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण कार्य पर भी नजर रखें। आवास योजनाओं से जुड़े कार्य देखें। यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर किश्तें मिल जाएं। पंचायतें अपने कार्यों से आदर्श उपस्थित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता मिशन में ग्राम को सबसे साफ और सुंदर रखने का प्रयास करें। साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़-पौधे भी लगाएं। श्री चौहान ने कहा कि सभी मिलकर ऊर्जा साक्षरता को बढ़ाएं। बिजली की बचत पर ध्यान दिया जाए। स्वच्छता और बेटी बचाओ अभियान को भी गति प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री ने कोविड नियंत्रण में सहयोग का आह्वान किया। जिलों को संक्रमण की जानकारी के लिए दिए गए टेस्ट का लक्ष्य ग्राम स्तर से पूरा होगा। यदि किसी को सर्दी जुकाम, बुखार है तो तत्काल टेस्ट करवाएँ। टीकाकरण में सहयोग दें। कोई न छूटे यह आपका दायित्व है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में प्रशासकीय समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये समितियां शासन की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में निर्वाचित पंचायतों के गठन तक कार्यरत रहकर ग्रामीण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में सहायक हों, यह अपेक्षा शासन द्वारा की गई है। पंचायतों ने प्रशासकीय समितियों के गठन से अब तक सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया है। एक सवंदेनशील विकेन्द्रित शासन व्यवस्था के अंग के रूप में बगैर किसी भेदभाव के भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था के लिए समाज हित में कार्य करने की पंचायतों से अपेक्षा की गई है। जल-संरक्षण, जल-संवर्धन योजनाओं के क्रियान्वयन और स्व-सहायता समूहों को प्रेरित करने का दायित्व भी पंचायतों द्वारा पूरी ताकत से निभाया जाए। कोविड महामारी के इस दौर में प्रशासकीय समितियों को महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वहन का अवसर दिया गया है। गत दो वर्ष में पंचायतों ने कोविड की रोकथाम का सराहनीय कार्य किया है। ग्राम, जनपद एवं जिला पंचायत के स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट समितियां गठित कर क्वारेंटाइन और आयसोलेशन सेंटर संचालित करने का कार्य पंचायतों द्वारा किया गया है। जन-सहयोग से आवश्यक दवाओं, जरूरतमंदों को भोजन का वितरण किया गया है। पंचायतों ने आवश्यकतानुसार जनता कर्फ्यू का निर्णय लेकर लॉकडाउन से जुड़ी व्यवस्थाओं को भी सफलतापूर्वक अपने स्तर पर किया।

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

Regional Office : 1st Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore (MP) 452001 Email- ed.roind@mpidc.co.in, www.invest.mp.gov.in

No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2022/16439 Date : 19.01.2022

NOTICE INVITING TENDER

MPIDC Regional Office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Percentage Rate tenders from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mention below-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of tender form	EMD	Last date of submission
1	Shifting of 33 KV Line Industrial feeder No. 04 at Industrial Area 2 & 3 under City Division, Dewas, Distt. Dewas (M.P.)	Rs. 10.75 Lakhs + G.S.T.	Rs. 2360/- (i/c GST)	Rs. 21,500/-	04.02.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.

Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system–**http://www.mptenders.gov.in** within 3 days from publication in news paper.

M.P. Madhyam/103371/46511/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड होशंगाबाद

दूरभाष क्रमांक 07574-252571 (फैक्स) 07574-253119

Email Address : eephedhos@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं ऑनलाइन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाइन वित्तीय ऑफर **दिनांक 31.01.2022 शाम 17:00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्य का विवरण :- Survey, Investigation, Design and Construction of piped water supply schemes (Retrofitting schemes) of 02 villages namely 1 Dhandiwada, 2 Chhitapura, including all habitations of Block Kesla Distt. Hoshangabad based on tube wells/Dugwells including construction of dugwells installation of electric submersible motor pumps, construction of R.C.C. Over head tanks of Capacity 100 KL with 15 mtr staging height and 75 KL with 12 mtr staging height (At village Dhandiwada and Chhitapura), consturciton of pump houses, providing laying & jointing of rising main and distribution pipe line system. Household tap connections and electric power connections at tube wells including cost of all materials and labour with testing & commissioning and 90 Days successful Trial Run period of entire schemes

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	अनु. लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (e-EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	रिमार्क
101/21-22 Date 14.01.22	2022_PHED_ 179610_1	19432700/-	194327/-	12500/-	180 दिन वर्षा काल सहित	

कार्यपालन यंत्री

जी-21715/46522/2022 **लोक स्वाथ्सय यांत्रिकी खण्ड होशंगाबाद**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in

फोन – 0755-276735, फैक्स – 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-865/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 17.01.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.02.2022 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_ 179837	टर्न की पद्धति पर : सोनखेड़ी तालाब के मिट्टी बांध एवं नहरों का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	बड़वानी	1046.69
2.	2022_WRD_ 179838	टर्न की पद्धति पर : मोहतरा लघु परियोजना के मिट्टी बांध एवं नहर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शहडोल	1138.43
3.	2022_WRD_ 179839	टर्न की पद्धति पर : जमदरां जलाशय का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	1010.61
4.	2022_WRD_ 179840	टर्न की पद्धति पर : पारना जलाशय के बांध एवं नहरों का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	1840.15
5.	2022_WRD_ 179841	टर्न की पद्धति पर : बरौदा जलाशय के शीर्ष एवं नहरों का संपूर्ण निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	1013.19
6.	2022_WRD_ 179843	टर्न की पद्धति पर : मगरा जलाशय के शीर्ष एवं नहरों का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	1089.77
7.	2022_WRD_ 179844	टर्न की पद्धति पर : करवा जलाशय लघु सिंचाई योजना अंतर्गत मिट्टी बांध एवं नहरों का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	उमारिया	1081.83
8.	2022_WRD_ 179845	टर्न की पद्धति पर : ग्वालटोरिया मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत बांध एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	गुना	5664.29
9.	2022_WRD_ 179846	टर्न की पद्धति पर : जैरा मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत बांध एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	10252.59
10.	2022_WRD_ 179847	एस.डी.एन.एफ. अंतर्गत सम्राट अशोक सागर परियोजना के गेटेड स्पिल-वे का निर्माण कार्य।	विदिशा	2495.19
11.	2022_WRD_ 179850	टर्न की पद्धति पर : साजली मध्यम परियोजना के अंतर्गत साजली बांध का शेप निर्माण कार्य शूट फॉल एवं ओगी स्पिलवे सहित, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	दमोह	2651.74
12.	2022_WRD_ 179852	टर्न की पद्धति पर : काठन वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत बांध एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	छतरपुर	25318.01

जी-21711/46523/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.-38/2021/निविदा/सा/एपीडी/ **भोपाल, दिनांक : 14.01.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

कार्य का नाम :- जिला बैतूल अंतर्गत आमला, मुलताई एवं प्रभातपट्टन में 12 विस्तरीय एचडीयू की स्थापना का कार्य।

	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWPIU_169482_2	बैतूल	134.31	134310/-	12500/-	45 दिवस वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- जिला बैतूल अंतर्गत सेहरा, आठनेर एवं भैंसदेही में 12 विस्तरीय एचडीयू की स्थापना का कार्य।

2.	2021_PWPIU_169523_2	बैतूल	134.31	134310/-	12500/-	45 दिवस वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- बैतूल जिले के अंतर्गत छोटे-छोटे स्वीकृत कार्य, शेष कार्य एवं पी.जी. अंतर्गत कार्य की निविदा।

3.	2021_PWPIU_171031_3	बैतूल	114.55	114549/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- तुलसी नगर 64 नग डी टाइप आवास परिसर में 48 नग सर्विस अपाटमेंट एवं वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।

4.	2021_PWPIU_179473_1	भोपाल	826.36	826360/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- शासकीय स्वामी विवेकानंद डिग्री कॉलेज बैरसिया जिला भोपाल में 06 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य।

5.	2021_PWPIU_179480_1	भोपाल	326.35	326350/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- जिला हरदा में शासकीय आदर्श महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य।

6.	2021_PWPIU_179359_1	हरदा	694.90	694900/-	20000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- राजगढ़ जिला राजगढ़ में मेडिकल कॉलेज के लिये वास्तुविदीय, डिजाईन एवं परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं। (पी.एम.सी. कार्य)

7.	2021_PWPIU_179350_1	राजगढ़	22030.00	440600/-	15000/-	आर्किटेक्चरल डिजाईन कंसल्टेंसी के लिए 2 माह + निर्माण के लिये 24 माह + डीएलपी के लिए 12 माह

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 14.01.2022 समय 10:30 से दिनांक 27.01.2022 समय 05:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक
(मुख्य अभियंता)
लो.नि.वि. पी.आई.यू. भोपाल

जी-21687/46498/2022

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल, (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 4/2021-22/61 **भोपाल, दिनांक : 17.01.2022**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department : Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार :-

1. प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युतीकरण हेतु एस.ओ.आर. 01.12.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधनों सहित) पर तीन लिफाफा पद्धति।
2. संभागवार संस्थाओं की सूची निविदा पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर संबंधित टेण्डर के साथ देखी जा सकेगी। निविदा प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा आमंत्रण सूचना 4-17.01.2022

स. क्र.	टेण्डर आईडी	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2022_DHS_179746	उज्जैन संभाग के अंतर्गत 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 07 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	32411000.00 (रुपये तीन करोड़ चौबीस लाख ग्यारह हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
2.	2022_DHS_179747	इन्दौर संभाग के अंतर्गत 16 प्राथमिक केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	14048000.00 (रुपये एक करोड़ चालीस लाख अड़तालीस हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
3.	2022_DHS_179748	भोपाल संभाग के अंतर्गत 02 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	48631000.00 (रुपये चार करोड़ छियासी लाख इक्तीस हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
4.	2022_DHS_179749	जबलपुर संभाग के अंतर्गत 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	64048000.00 (रुपये छः करोड़ चालीस लाख अड़तालीस हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
5.	2022_DHS_179750	ग्वालियर संभाग के अंतर्गत 07 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	15521000.00 (रुपये एक करोड़ पचपन लाख इक्कीस हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
6.	2022_DHS_179751	रीवा संभाग के अंतर्गत 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	29286000.00 (रुपये दो करोड़ बान्वे लाख छियासी हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित
7.	2022_DHS_179752	सागर संभाग के अंतर्गत 08 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्री-फेब कोविड यूनिट के निर्माण कार्य।	13274000.00 (रुपये एक करोड़ बत्तीस लाख चौहत्तर हजार मात्र)	3 माह वर्षा ऋतु सहित

नोट : उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र में अंकित समान कार्य के अनुभवन में पफ पेनल के कार्य करने का अनुभव ही मान्य होगा।

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.01.2022 सायं 05:30 बजे** निर्धारित है। धरोहर राशि संचालक स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश के पक्ष में देय हो मूलतः एवं अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 26.01.2022 सायं 05:30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल, म.प्र.

जी-21722/46524/2022

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. डे-नाइट टेस्ट मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं?
(अ) मिताली राज
(ब) स्मृति मंधाना
(स) शैफाली वर्मा
(द) पूनम राउत

2. वर्ष 2006 में फीफा वर्ल्डकप का आयोजन किस देश में किया गया था?
(अ) जर्मनी (ब) इटली
(स) ब्राजील (द) कतर

3. वर्ष 2021 में किस कार रेसर ने साओ पाउलो ग्रांप्री रेस जीती थी?
(अ) मैक्स वर्स्टापेन
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) लैंडो नॉरिस
(द) इनमें से कोई नहीं

4. इंग्लैंड का वेम्बले स्टेडियम किस खेल के लिए मशहूर है?
(अ) फुटबॉल (ब) क्रिकेट
(स) टेनिस (द) बेसबॉल

5. एलेक्सिया पुटेलस किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं?
(अ) अर्जेंटीना (ब) बेल्जियम
(स) स्वीडन (द) स्पेन

6. वर्ष 2021 में किस देश ने डेविस कप का खिताब अपने नाम किया है?
(अ) अमेरिका (ब) जापान
(स) रूस (द) सर्विया

7. इनमें से किस निशानेबाज ने लंदन ओलिंपिक-2012 में कांस्य पदक जीता है?
(अ) जसपाल राणा
(ब) गगन नारंग
(स) संजीव राजपूत
(द) इनमें से कोई नहीं

8. वर्ष 2014 में किस देश ने एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्डकप का खिताब अपने नाम किया था?
(अ) नीदरलैंड्स (ब) जर्मनी
(स) द. अफ्रीका (द) ऑस्ट्रेलिया

9. वर्ल्ड एथेलेटिक्स ने वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का अवॉर्ड दिया है?
(अ) अंजू बॉबी जॉर्ज
(ब) पीटी ऊषा
(स) कृष्णा पूनिया
(द) मैरी कॉम

10. वर्ष 2008 और 2010 में किस देश ने यूरो कप का खिताब जीता था?
(अ) इंग्लैंड (ब) स्पेन
(स) नीदरलैंड (द) पुर्तगाल

11. टोक्यो ओलिंपिक में बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता हैं?
(अ) पीवी सिंधु (ब) आन से यंग
(स) चेन युफेई (द) ताई जू यिंग

12. वर्ष 2018 में इनमें से किस खिलाड़ी को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था?
(अ) रॉस टेलर (ब) बेन स्टोक्स
(स) पैट कमिंस (द) विराट कोहली

13. फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप-2022 सत्र में कितनी रेस आयोजित होंगी?
(अ) 15 (ब) 18
(स) 23 (द) 25

14. किस राज्य के नाम सबसे ज्यादा बार विजय हजारे ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड है?
(अ) कर्नाटक (ब) तमिलनाडु
(स) पंजाब (द) महाराष्ट्र

15. हाल ही में इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने संन्यास लिया है?
(अ) हरभजन सिंह
(ब) इरफान पठान
(स) ईशांत शर्मा
(द) शिखर धवन

16. सारा ईरानी किस देश की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) अमेरिका (ब) ब्रिटेन
(स) मलेशिया (द) इटली

17. वर्ष 2021 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुनी गई हैं?
(अ) टैमी ब्यूमोंट
(ब) मेगन रेपिनो
(स) एमा राडूकानू
(द) इनमें से कोई नहीं

18. लक्ष्य सेन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) क्रिकेट (ब) बैडमिंटन
(स) टेनिस (द) निशानेबाजी

19. वर्ष 2018 में किस टीम ने आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था?
(अ) मुंबई इंडियंस
(ब) कोलकाता नाइटराइडर्स
(स) सनराइजर्स हैदराबाद
(द) चेन्नई सुपरकिंग्स

20. वर्ष 2021 में किस महिला फुटबॉलर को बेलोन डि ओर अवॉर्ड मिला है?
(अ) एलेक्सिया पुटेलस
(ब) जेनिफर हर्मोसो
(स) एश्ले लॉरेंस
(द) लिकी मर्टेंस

21. भारत ने कितने बार क्रिकेट एशिया कप जीता है?
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) छह बार (द) सात बार

22. बियांका आंद्रेस्क्यू ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम एकल जीता है?
(अ) फ्रेंच ओपन
(ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(स) अमेरिकी ओपन
(द) विम्बलडन

23. आईसीसी ट्वेंटी-20 वर्ल्डकप-2021 में मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये हैं?
(अ) टिम साउदी
(ब) डेविड वॉर्नर
(स) जोस बटलर
(द) मोहम्मद रिजवान

24. हिमा दास किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) हॉकी (ब) मुक्केबाजी
(स) एथेलेटिक्स (द) तैराकी

25. वर्ष 2017 में वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित की गई थी?
(अ) वेलेंसिया (ब) मॉस्को
(स) बेलग्रेड (द) विएना

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (स), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (द), 20. (अ), 21. (द), 22. (स), 23. (ब), 24. (स), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान और तर्कशक्ति

1. राइबोसोम के खोजकर्ता कौन थे -
(अ) टी बोवेरी (ब) जॉर्ज पेलेड
(स) टाल्बर्ट (द) रॉबर्ट ब्राउन
उत्तर- (ब) जॉर्ज पेलेड

2. बिल्ली में कितने गुणसूत्र पाए जाते हैं -
(अ) 40 (ब) 45
(स) 34 (द) 38
उत्तर- (द) 38

3. विटामीन-K का रासायनिक नाम क्या है -
(अ) केल्सीफेरॉल
(ब) नैफ्थोक्विनोन
(स) थायमीन
(द) राइबोफ्लेविन
उत्तर- (ब) नैफ्थोक्विनोन

4. पित्ताशय संकुचन के लिए कौन सा हार्मोन कार्य करता है -
(अ) FSH
(ब) STH
(स) पैराथॉरमोन
(द) कैल्सीटोनिन
उत्तर- (द) कैल्सीटोनिन

5. प्रत्यावर्ती व अनैच्छिक गतियों के नियंत्रण हेतु मस्तिष्क का कौन सा भाग संबंधित है -
(अ) थैलेमस
(ब) सेरेवेलम
(स) मेडुला ऑब्लोंगेट
(द) सेरेब्रम
उत्तर- (स) मेडुला ऑब्लोंगेट

6. 'हैजा' का रोगकारक जीवाणु कौन सा है -
(अ) ट्रेकोनेमा पैलीडम
(ब) विब्रिओ कोलरा
(स) सालमोनेला टाइफी
(द) पॉस्ट्यूरेला पैलीडम
उत्तर- (ब) विब्रिओ कोलरा

7. धावन सोडे का रासायनिक नाम क्या है -
(अ) सोडियम बाइकार्बोनेट
(ब) सोडियम कार्बोनेट
(स) सोडियम हाइड्राक्साइड
(द) कोई नहीं
उत्तर- (ब) सोडियम कार्बोनेट

8. बेंजीन का रासायनिक सूत्र क्या है -
(अ) C_6H_6
(ब) C_7H_8
(स) $C_{10}H_8$
(द) $C_6H_5NO_2$
उत्तर- (अ) C_6H_6

9. आधुनिक आवर्त सारणी में समूह 17 कहलाता है -
(अ) निकोजन
(ब) उत्कृष्ट गैस
(स) हैलोजन
(द) क्षारीय धातु
उत्तर- (स) हैलोजन

10. लेंस क्षमता को किसमें मापा जाता है -
(अ) डायोप्टर में (ब) ल्यूमेन में
(स) एंगस्ट्राम में (द) लक्स में
उत्तर- (अ) डायोप्टर में

11. भ्रूणावस्था में लाल रुधिराणुओं का निर्माण कहां होता है -
(अ) पित्ताशय में (ब) बोनमेरों में
(स) लिवर में (द) अमाशय में
उत्तर- (स) लिवर (यकृत) में

12. वियना समझौता, 1985 का मुख्य विषय क्या था -
(अ) ग्लोवल वार्मिंग
(ब) ओजोन परत विनाश रोकने हेतु
(स) समुद्री सीमा निर्धारण हेतु
(द) जैव विविधता हेतु
उत्तर- (ब) ओजोन परत विनाश रोकने हेतु

13. देश का पहला कामधेनु गौ अभ्यारण्य कहां पर स्थित है -
(अ) आगर-मालवा
(ब) ग्वालियर
(स) बैतूल
(द) उज्जैन
उत्तर- (अ) आगर-मालवा

14. बाबा गरीबनाथ का मेला कहां पर लगता है -
(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) सागर (द) शाजापुर
उत्तर- (द) शाजापुर

15. देश का प्रथम रत्न परिष्कृत केन्द्र कहां स्थापित किया गया है -
(अ) पन्ना (ब) छतरपुर
(स) जबलपुर (द) भोपाल
उत्तर- (स) जबलपुर

16. म.प्र. की पहली महिला मुख्य सचिव कौन थीं -
(अ) अवनि वैश्य
(ब) निर्मला बुच
(स) सम्पतिया उइके
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) निर्मला बुच

17. मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी किसे कहा जाता है -
(अ) सीधी (ब) सिंगरौली
(स) सागर (द) अनूपपुर
उत्तर- (ब) सिंगरौली

18. राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र कहां स्थित है -
(अ) उज्जैन (ब) इंदौर
(स) होशंगाबाद (द) नरसिंहपुर
उत्तर- (ब) इंदौर

19. राजघाट परियोजना कौन-सी नदी पर स्थित है -
(अ) हलाली (ब) बेतवा
(स) नर्मदा (द) सिंध
उत्तर- (ब) बेतवा

20. खरबूजा महल कहां स्थित है -
(अ) ग्वालियर (ब) मंदसौर
(स) धार (द) देवास
उत्तर- (स) धार

21. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन ने साइबर लैब स्थापित करने के लिए किन संस्थानों के साथ समझौता किया है -
(अ) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली
(ब) राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल
(स) एशियन विधि कॉलेज, नोएडा
(द) (अ) और (ब) दोनों
उत्तर- (द) (अ) और (ब) दोनों

22. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है -
(अ) 7 सितंबर
(ब) 8 सितंबर
(स) 10 सितंबर
(द) 6 सितंबर
उत्तर- (ब) 8 सितंबर

23. कौन सा संगठन विदेश मंत्रालय के सहयोग से दुनिया भर में 75 भारतीय मिशनों/दूतावासों में 'आत्मनिर्भर भारत कॉर्नर' स्थापित किया -
(अ) KVIC (ब) TRIFED
(स) NAFED (द) APEDA
उत्तर- (ब) TRIFED

24. नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेज ने किस भैंस की नस्ल को भारत की 19वीं नस्ल के रूप में मान्यता दी है -
(अ) मुर्राह (ब) सुरती
(स) देआनी (द) मांडा
उत्तर- (द) मांडा

25. ह्यूमन टी ल्यूकेमिया कोशिका विषाणु कौन-सा रोग उत्पन्न कर सकता है -
(अ) रुधिर का कर्क रोग
(ब) एड्स
(स) सेरेब्रल हेमरेज
(द) हेपेटाइटिस
उत्तर- (अ) रुधिर का कर्क रोग

26. 100 और 300 के बीच ऐसी कितनी संख्याएं हैं जो कि 4 से विभाजित होती हैं -
(अ) 52 (ब) 49
(स) 55 (द) 59
उत्तर- (ब) 49 संख्याएं
हल- 104, 108,.....296

$\left(n=\frac{l-a}{d}+1\right)$

$\frac{296-104}{4}+1=\frac{192}{4}+1=49$

27. 30030 के अभाज्य गुणनफल ज्ञात कीजिए -
(अ) 10 (ब) 12
(स) 6 (द) 7
उत्तर- (स) 6
हल-

2	30030
3	15015
5	5005
7	1001
11	143
13	13

2 x 3 x 5 x 7 x 11 x 13 = 6

28. अगला पद ज्ञात कीजिए -
40, 43, 49, 60, 78, ?
(अ) 103 (ब) 107
(स) 105 (द) 111
उत्तर- (स) 105
हल- + 3, + 6, + 11, + 18 अर्थात
+ (1^2+2), + (2^2+2), (3^2+2)....
∴ 78 + (5^2+2) = 78+27 =105

29. यदि $\left(x+\frac{1}{x}\right)=5$ हो तो $\left(x^3+\frac{1}{x^3}\right)$ का मान क्या होगा -
(अ) 112 (ब) 110
(स) 121 (द) 130
उत्तर- (ब) 110
हल- $x+\frac{1}{x}=5$

$\left(x+\frac{1}{x}\right)^3=5^3$ (घन करने पर)

$x^3+\frac{1}{x^3}+3\left(x+\frac{1}{x}\right)=125$

$x^3+\frac{1}{x^3}+3(5)=125$

$\left(\therefore x+\frac{1}{x}=5\right)$

$x^3+\frac{1}{x^3}=110$

30. कुछ मिठाइयां 175 बच्चों में बराबर वितरित की जानी थीं, परंतु 35 बच्चों के अनुपस्थित रहने के कारण प्रत्येक बच्चे को 4 मिठाई अधिक मिली, कुल कितनी मिठाइयां वितरित की गई हैं -
(अ) 3000 (ब) 3200
(स) 28000 (द) 29080
उत्तर- (स) 28000 मिठाइयां
हल- माना कुल मिठाइयां = x

$\frac{x}{140}-\frac{x}{175}=4$

$\frac{5x-4x}{700}=4$

x = 28000 मिठाइयां

31. $\sqrt{\frac{4}{3}}-\sqrt{\frac{3}{4}}=?$
(अ) 1 (ब) $-\frac{1}{2\sqrt{3}}$
(स) $\frac{1}{2\sqrt{3}}$ (द) $\frac{\sqrt{3}}{6}$
उत्तर- (द) $\frac{\sqrt{3}}{6}$
हल- $\left(\frac{2}{\sqrt{3}}\times\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3}}\right)-\frac{\sqrt{3}}{2}$

$=\left(\frac{2}{3}\sqrt{2}\right)-\frac{\sqrt{3}}{2}=\frac{\sqrt{3}}{6}$

32. 48 रु. प्रति kg मूल्य वाली 60 kg चीनी में 55 रु. प्रति किग्रा. वाली कितनी चीनी मिलाई जाए ताकि मिश्रित चीनी का मूल्य 52.50 प्रति kg. हो -
(अ) 110 kg. (ब) 112 kg.
(स) 108 kg. (द) 120 kg.
उत्तर- (स) 108 kg.
हल-



औसत अनुपात - 2.50 : 4.50

$\Rightarrow \frac{250}{450}=\frac{5}{9}=5.9$

भार - $\left(\frac{9}{5}\times 60\right)=108\,kg$

33. एक शहर की जनसंख्या 18000 है यदि प्रथम वर्ष में जनसंख्या में वृद्धि 10% की हो व दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हो तो, दो वर्ष बाद शहर की जनसंख्या क्या होगी -
(अ) 19800 (ब) 21600
(स) 23760 (द) 23860
उत्तर- (स) 23760
हल- 2 वर्ष बाद की जनसंख्या -

$\left[18000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)\times\left(1+\frac{20}{100}\right)\right]$

$=\left(18000\times\frac{11}{10}\times\frac{6}{5}\right)=23760$

34. $\sqrt[3]{.000216}=?$ का मान ज्ञात कीजिए -
(अ) .6 (ब) .06
(स) .006
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) .06
हल- $\sqrt[3]{\frac{216}{10^6}}=\sqrt[3]{\frac{6\times6\times6}{10^2\times10^2\times10^2}}$

$=\frac{6}{10^2}=\frac{6}{100}=.06$

35. $37\frac{1}{2}$ में कितने $\frac{1}{8}$ है -
(अ) $\frac{3}{7}$ (ब) $\frac{1}{12}$
(स) $\frac{4}{3}$
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (द) इनमें से कोई नहीं
हल- अभीष्ट संख्या =

$\frac{\left(\frac{75}{2}\right)}{\left(\frac{1}{8}\right)}=\frac{75}{2}\times 8=300$

36. एक पुरुष, एक स्त्री तथा एक लड़का मिलकर एक काम को 3 दिन में पूरा करते हैं यदि एक पुरुष अकेला उसे 6 दिन में तथा एक लड़का अकेला 18 दिन में पूरा करे तो एक स्त्री, उस कार्य को कितने दिन में कर सकती है -
(अ) 9 दिन (ब) 21 दिन
(स) 24 दिन (द) 27 दिन
उत्तर- (अ) 9 दिन
हल- एक स्त्री का 1 दिन का कार्य

$=\frac{1}{3}-\left(\frac{1}{6}+\frac{1}{18}\right)$

$=\left(\frac{1}{3}-\frac{4}{18}\right)=\frac{2}{18}=\frac{1}{9}$

अतः स्त्री अकेली पूरा कार्य 9 दिन में पूरा करेगी।

37. कोई धन 3 वर्ष में 720 तथा 6 वर्ष में 1920 हो जाता है, मूलधन ज्ञात कीजिए -
(अ) 370 (ब) 390
(स) 270 (द) 400
उत्तर- (स) 270
हल- P $\xrightarrow[3\text{ साल}]{}$ 720 $\xrightarrow[6\text{ साल}]{}$ 1920

कितने गुना हुए = $\frac{1920}{720}=\frac{8}{3}$

$=P\times\frac{8}{3}=720$

38. सामान्य गति के 3/4 भाग से यात्रा करने पर एक व्यक्ति नियत समय से 20 मिनिट लेट हो जाता है। ऑफिस पहुंचने का उसका नियत समय क्या है -
(अ) 80 मिनिट (ब) 70 मिनिट
(स) 65 मिनिट (द) 60 मिनिट
उत्तर- (द) 60 मिनिट
हल- सामान्य गति - 4 : 3
समय - 3 : 4
1 का अनुपात - 20 मिनिट तो 3 का अनुपात = 60 मिनिट

39. C की आय B से 20% अधिक है और B की आय A से 25% अधिक है तो C की आय A से कितने प्रतिशत अधिक है -
(अ) 60% (ब) 50%
(स) 65% (द) 70%
उत्तर- (ब) 50%
हल- माना A की आय - 100
B की आय - 125

C की आय - $125\times\frac{120}{100}=150$

$\frac{50}{100}\times 100=50\%$

40. यदि किसी कोड में CUSTOM को UCTSMO लिखा जाए तो PARENT का कोड क्या होगा -
(अ) TNERAP
(ब) RAPTNE
(स) ERAFTN
(द) APERTN
उत्तर- (द) APERTN

41. इन्फ्लुएंजा : विषाणु : : दाद : ?
(अ) बैक्टीरिया (ब) परजीवी
(स) कवक (द) प्रोटोजोआ
उत्तर- (स) कवक

42. A, D का भाई है। D, B का पिता है B और C बहने हैं F, A का पिता है तो C का F से क्या संबंध है -
(अ) चचेरी बहन (ब) पोती
(स) भतीजी (द) भतीजा
उत्तर- (ब) पोती

43. अगला पद ज्ञात कीजिए -
6 : 252 : : 5 : ?
(अ) 225 (ब) 175
(स) 150 (द) 125
उत्तर- (स) 150

44. अभिनव ने अपने घर से भागना आरंभ किया, वह पहले 12 KM पश्चिम की ओर भागा, फिर वह उत्तर की ओर मुड़ा तथा उसी दिशा में 16 KM भागा। अभिनव अपने घर से कितनी दूरी तथा किस दिशा में है -
(अ) 25 KM उत्तर-पूर्व
(ब) 25 KM उत्तर-पश्चिम
(स) 20 KM उत्तर-पूर्व
(द) 20 KM उत्तर-पश्चिम
उत्तर- (द) 20 KM उत्तर-पश्चिम

45. यदि किसी माह की दसवीं तिथि रविवार के तीन दिन पहले पड़ती हो, तो दूसरी तिथि किस दिन पड़ेगी -
(अ) मंगलवार (ब) बृहस्पतिवार
(स) बुधवार (द) शुक्रवार
उत्तर- (स) बुधवार

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. अदिश राशि का उदाहरण है?
(A) वेग
(B) विस्थापन
(C) द्रव्यमान
(D) बल
उत्तर-(C) द्रव्यमान
व्याख्या- अदिश राशि वह है जिसमें केवल परिणाम होता है, दिशा नहीं। द्रव्यमान एक अदिश राशि है जबकि वेग, विस्थापन, बल सदिश राशि का उदाहरण हैं।

2. निकट दृष्टि दोष निवारण हेतु प्रयोग किया जाता है?
(A) उत्तल लेंस
(B) अवतल लेंस
(C) द्विफोकसी लेंस
(D) उपरोक्त सभी।
उत्तर-(B) अवतल लेंस
व्याख्या- विकल्प A उत्तल लेंस- दूर दृष्टि दोष हेतु
विकल्प B अवतल लेंस- निकट दृष्टि दोष हेतु
विकल्प C द्विफोकसी लेंस- जरा दृष्टि दोष हेतु।

3. लोहे में जंग लगने से लोहे का भार?
(A) घट जाता है
(B) बढ़ जाता है
(C) कोई परिवर्तन नहीं होता
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(B) बढ़ जाता है
व्याख्या- लोहे में जंग लगने से लोहे का भार उतना बढ़ेगा जितनी ऑक्सीजन लोहे से जुड़ेगी।

4. कांसा मिश्रधातु किन दो धातुओं से बनी है?
(A) तांबा व जस्ता
(B) तांबा व चांदी
(C) तांबा व टिन
(D) टिन व सीसा
उत्तर -(C) तांबा व टिन

5. प्रकाश संश्लेषण की क्रिया किस प्रकाश में सबसे अधिक होती है?
(A) लाल व नीले प्रकाश में
(B) नीले व हरे प्रकाश में
(C) पीले व हरे प्रकाश में
(D) पीले व परावैंगनी प्रकाश में
उत्तर-(A) लाल व नीले प्रकाश में
व्याख्या- प्रकाश संश्लेषण की क्रिया लाल व नीले प्रकाश में सबसे अधिक होती है तथा परावैंगनी, हरे, पीले प्रकाश में बिल्कुल नहीं होती है।

6. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान कहां स्थित है?
(A) नई दिल्ली
(B) कोलकाता
(C) नागपुर
(D) भोपाल
उत्तर-(C) नागपुर
व्याख्या- विकल्प A नई दिल्ली- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
विकल्प B कोलकाता- केन्द्रीय जूट तकनीकी संस्थान
विकल्प C नागपुर (महाराष्ट्र)- राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी शोध संस्थान
विकल्प D भोपाल (म.प्र.)- भारतीय वन प्रबंध संस्थान।

7. लार किसके पाचन में सहयोगी है?
(A) विटामिन (B) प्रोटीन
(C) वसा (D) स्टार्च
उत्तर-(D) स्टार्च
व्याख्या- लार में उपस्थित एंजाइम भोजन में पाये जाने वाले स्टॉर्च को अपघटित करने में मदद करते हैं।

8. नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन कब किया गया था?
(A) 1969 ई. (B) 1970 ई.
(C) 1954 ई. (D) 1965 ई.
उत्तर-(A) 1969 ई.
व्याख्या- अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम 1956 अंतर्गत न्यायधीश वी. रामास्वामी की अध्यक्षता में नर्मदा जल व नर्मदा नदी घाटी विकास के सहभाजन पर निर्णय देने हेतु अक्टूबर, 1969 में नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया।

9. भारत में हाथी परियोजना की शुरुआत कब हुई?
(A) 1990 (B) 1992
(C) 1996 (D) 1995
उत्तर-(B) 1992
व्याख्या- हाथियों की संख्या में गिरावट आ जाने पर उनके संरक्षण संवर्द्धन हेतु 1992 को झारखण्ड (सिंहभूमि) से केंद्र सरकार ने हाथी परियोजना का शुभारंभ किया।

10. मानव मूत्र का पीला रंग किस वर्णक के कारण होता है?
(A) फीनाली क्रोम
(B) हीमोक्रोम
(C) साइटोक्रोम
(D) यूरोक्रोम
उत्तर-(B) हीमोक्रोम
व्याख्या- मूत्र का पीला रंग हीमोग्लोबिन के अपघटन से निर्मित यूरोक्रोम नामक वर्णक के कारण होता है।

11. विद्युत का सर्वाधिक चालक तत्व है?
(A) चांदी
(B) तांबा
(C) लोहा
(D) उक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(A) चांदी
व्याख्या- चांदी विद्युत का सर्वाधिक चालक तत्व है। इसके बाद तांबा, लोहा में विद्युत की चालकता होती है।

12. इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र कहां है?
(A) ट्राम्बे (मुंबई)
(B) कलपक्कम (तमिलनाडु)
(C) इन्दौर (मध्यप्रदेश)
(D) बेंगलुरु (कर्नाटक)
उत्तर-(B) कलपक्कम (तमिलनाडु)
व्याख्या- इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र की स्थापना 1971 में कलपक्कम (तमिलनाडु) में की गई।इसका प्रमुख कार्य फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के संबंध में अनुसंधान व विकास करना है। वहीं- **विकल्प A** ट्राम्बे- भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
विकल्प B इंदौर- उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र
विकल्प C बेंगलुरु- इसरो उपग्रह केंद्र।

13. 'विजयघाट' समाधि स्थल किस महापुरुष से संबंधित है?
(A) महात्मा गांधी
(B) मोरारजी देसाई
(C) लाल बहादुर शास्त्री
(D) चौधरी चरण सिंह
उत्तर-(C) लाल बहादुर शास्त्री
व्याख्या- विकल्प A महात्मा गांधी- राज घाट
विकल्प B मोरारजी देसाई-अभय घाट
विकल्प C लाल बहादुर शास्त्री- विजय घाट
विकल्प D चौधरी चरण सिंह- किसान घाट

14. किस स्थल को यूनेस्को की सूची में शामिल किया गया?
(A) पचमढ़ी
(B) मदनमहल
(C) धौलावीरा
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(C) धौलावीरा
व्याख्या- 2021 में यूनेस्को ने सिंधु घाटी सभ्याता के खोजे गये स्थल धौलावीरा (गुजरात राज्य में स्थित) को भारत के 40वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया।

15. जब कोई जहाज नदी से सागर में प्रवेश करता है?
(A) वह कुछ नीचे हो जाता है
(B) वह कुछ ऊपर उठ जाता है
(C) कोई परिवर्तन नहीं होता
(D) डूब जाता है
उत्तर-(B) वह कुछ ऊपर उठ जाता है
व्याख्या- समुद्रीय जल का घनत्व खारे जल के कारण नदी के मीठे जल की अपेक्षा अधिक होता है इसलिए समुद्र में जहाज के प्रवेश पर अधिक प्लावन बल लगने से जहाज कुछ ऊपर उठ जाता है।

16. राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) की स्थापना कब हुई?
(A) 1935
(B) 1939
(C) 1948
(D) 1962
उत्तर-(C) 1948
व्याख्या- राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना 1948 ई. में हुई। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
विकल्प A 1935- असम राइफल्स
विकल्प B 1939- केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल
विकल्प D 1962- भारत तिब्बत सीमा पुलिस की स्थापना।

17. 'किल कोरोना अभियान' किस राज्य द्वारा प्रारंभ किया गया?
(A) उत्तरप्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) छत्तीसगढ़ (D) महाराष्ट्र
उत्तर-(B) मध्यप्रदेश।
व्याख्या- 1 जुलाई, 2020 को मध्यप्रदेश राज्य सरकार ने किल कोरोना अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की जिसमें डोर टू डोर सर्वेक्षण करना तथा लोगों को परीक्षण किट प्रदान करना शामिल था।

18. '21वें राष्ट्रमण्डल खेल 2018' में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
(A) 66 (B) 65
(C) 67 (D) 64
उत्तर-(A) 66
व्याख्या- 21वें राष्ट्रमण्डल खेल गोल्डकोस्ट ऑस्ट्रेलिया में अप्रैल, 2018 में आयोजित हुए। जिसमें भारत (26 स्वर्ण, 20 रजत, 20 कांस्य) 66 पदक जीते व तीसरे पायदान पर रहा।

19. भारत के प्रथम रक्षा स्टाफ प्रमुख (CDS) कौन थे?
(A) आर.के.एस. भदौरिया
(B) मनोज मुकुंद नरवाने
(C) जनरल बिपिन रावत
(D) एडमिरल करमवीर सिंह
उत्तर-(C) जनरल बिपिन रावत
व्याख्या- दिसंबर, 2019 को भारत की सुरक्षा मामलों की मंत्रिमडलीय समिति ने इस पद (CDS) के सृजन की घोषणा की तथा जनरल बिपिन रावत को जनवरी, 2020 को भारत का प्रथम रक्षा स्टाफ प्रमुख बनाया गया।

- अखिलेश प्रजापति
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

स्मृति शेष

पण्डित बिरजू महाराज ने कथक को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया

कथक सम्राट पण्डित बिरजू महाराज का गत 16 जनवरी को 83 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया। अपने एक साक्षात्कार में बिरजू महाराज ने कहा था कि मुझे मृत्यु से भय नहीं है बस एक ही इच्छा है कि मैं जब मृत्यु को प्राप्त होऊं तब हंसते-खेलते इस दुनिया को त्यागूं और संयोग देखिए कालदेवता ने भी उनकी यह इच्छा पूरी की। जब उनका निधन हुआ उस समय वे परिवार और शिष्यों से घिरे हुए थे और वे रात के खाने के बाद अन्त्याक्षरी खेल रहे थे और अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। वे गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे और उनका डायलिसिस चल रहा था उसी समय हृदयाघात से उनकी मृत्यु हो गई।

कथक से नृत्य नाटिकाओं के नये आयाम को जोड़ा था

पण्डित बिरजू महाराज का असली नाम बृजमोहन मिश्रा था। उनका जन्म 4 फरवरी, 1938 को लखनऊ में हुआ था। लखनऊ घराने से ताल्लुक रखने वाले बिरजू महाराज की कलात्मक शख्सियत ऐसी रही है, जो तर्क से परे मानी जाती है। वे नृत्य गुरु, नर्तक, कोरियोग्राफर, गायक और कम्पोजर तो थे ही वे तालवाद्य भी बजा लेते थे। हालांकि इनका प्रथम जुड़ाव नृत्य से ही है, फिर भी इनकी गायकी पर भी अच्छी पकड़ थी तथा वे एक अच्छे शास्त्रीय गायक भी थे। वे कविता भी लिखते थे और चित्रकारी भी करते थे। उनके शिष्य, जो जाने-माने कलाकार हैं वे दुनियाभर में फैले हैं और अपने गुरु की विरासत का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कथक नृत्य में नृत्य-नाटिकाओं के नये आयाम को जोड़कर उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अपने चाचा, शम्भू महाराज के साथ नई दिल्ली स्थित भारतीय कला केन्द्र, जिसे बाद में कथक केन्द्र कहा जाने लगा; उसमें काम करने के बाद इस केन्द्र के अध्यक्ष पर भी वे कई वर्षों तक आसीन रहे। तत्पश्चात वर्ष 1998 में वहां से सेवानिवृत्त होने पर ही अपना नृत्य विद्यालय 'कलाश्रम' दिल्ली में खोला। वे कलाश्रम के संस्थापक थे। इसके अलावा इन्होंने भ्रमण कर सहस्रों नृत्य कार्यक्रम करने के साथ-साथ कथक के शिक्षार्थियों हेतु सैंकड़ों कार्यशालाएं भी आयोजित कीं। उन्हें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी दी गई।

ताउम्र कथक के उन्नयन से जुड़े रहे

शीर्ष कथक नृतकों में से एक बिरजू



महाराज दशकों तक कला जगत के सिरमौर रहे। उनका सम्बन्ध कथक नृतकों के महाराज परिवार से रहा है। उनके चाचा शम्भू महाराज और लच्छू महाराज भी कथक नर्तक थे। कथक नृत्य के लिये प्रसिद्ध जगन्नाथ महाराज जो अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे उनके घर जन्मे बिरजू महाराज उनके पिता ही नहीं गुरु भी थे। लखनऊ घराने के अच्छन महाराज रायगढ़ रजवाड़े में दरबारी नर्तक हुआ करते थे। अच्छन महाराज भी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के बड़े कलाकार थे। कथक नृत्य के जरिए सामाजिक संदेश देने की विशेषज्ञता के लिए बिरजू महाराज को हमेशा याद किया जाएगा। अपने जीवन की प्रथम गायन प्रस्तुति उन्होंने सात वर्ष की आयु में दी। वर्ष 1947 में बीस मई जब ये मात्र नौ वर्ष के ही थे, इनके पिता का स्वर्गवास हो गया। कुछ साल बाद इनका परिवार दिल्ली में रहने लगा। बिरजू महाराज ने मात्र तेरह वर्ष की आयु में ही नई दिल्ली के संगीत भारती में नृत्य की शिक्षा देना आरम्भ कर दिया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली में ही भारतीय कला केन्द्र में सिखाना आरम्भ किया। कुछ समय बाद इन्होंने कथक केन्द्र (संगीत नाटक अकादमी की एक इकाई) में शिक्षण कार्य आरम्भ किया। यहां ये संकाय के अध्यक्ष थे तथा निदेशक भी रहे।

पद्मविभूषण सहित अनेक सम्मान से विभूषित हुए

वर्ष 1983 में देश के सुप्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित बिरजू महाराज ने बॉलीवुड की कई फिल्मों के लिए नृत्य निर्देशन (कोरियोग्राफी) भी किया जिसमें उमराव जान, डेढ़ इश्किया, बाजीराव मस्तानी जैसी फिल्में भी शामिल हैं। उन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी की संगीत रचना की तथा उसके दो गानों पर नृत्य के लिये गायन भी किया। इसके अलावा वर्ष 2002 में बनी हिन्दी फिल्म देवदास में एक गाने - 'काहे छेड़ छेड़े मोहे..' का नृत्य संयोजन भी किया। पद्मविभूषण के अलावा उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और मध्यप्रदेश शासन का राष्ट्रीय कालिदास सम्मान भी मिल चुका है। वहीं वर्ष 2012 में विश्वरूपम फिल्म में कोरियोग्राफी के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वर्ष 2016 में हिन्दी फिल्म बाजीराव मस्तानी में - 'मोहे रंग दो लाल..' गाने पर नृत्य-निर्देशन के लिये फिल्मफेयर पुरस्कार, वर्ष 2002 में लता मंगेश्कर पुरस्कार और उसी वर्ष भरत मुनि सम्मान भी उन्हें मिला।

बिरजू महाराज का देहावसान कला जगत की अपूरणीय क्षति

उनके अवसान पर कई बड़ी हस्तियों ने दुख व्यक्त किया और अपने संदेश में कहा कि आज भारतीय संगीत की लय थम गई, सुर मौन हो गए और भाव शून्य हो गए। कथक के सरताज पण्डित बिरजू महाराज के अवसान से लखनऊ की ड्योढ़ी सूनी हो गई। कालिका बिंदादीनजी की गौरवशाली परम्परा की सुगन्ध विश्व भर में प्रसारित करने वाले बिरजू महाराज अनंत में विलीन हो गए। केन्द्रीय रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पण्डित बिरजू महाराज भारत की कला और संस्कृति के प्रवर्तक थे उन्होंने कथक नृत्य के लखनऊ घराने को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया। उनका निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

- संध्या दुबे
(स्वतंत्र लेखिका हैं और कला-संस्कृति पर लेखन करती हैं)

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

(1) मध्यप्रदेश की जलवायु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. मध्यप्रदेश में ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु पाई जाती है।
2. मध्यप्रदेश में महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।

उपरोक्त में से कौन सा/ से कथन सत्य हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1, और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2।

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश के मध्य से कर्क रेखा से गुजरने के कारण यहां ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु है, तथा मध्यप्रदेश के भू आवेष्ठित राज्य होने के कारण यहां महाद्वीपीय जलवायु भी पाई जाती है अतः दोनों कथन सत्य हैं।

(2) मध्यप्रदेश में शीत ऋतु में लौटने वाले मानसून से होने वाली वर्षा को क्या कहते हैं?

A. पाला B. ओला
C. सियाला D. मावठा

उत्तर - विकल्प D सही है।

व्याख्या -

- शीत ऋतु में कोहरा, सूखा मौसम, स्वच्छ आकाश, तापमान में गिरावट वायु की मंद गति के साथ शीत ऋतु में वर्षा और 'पाला' भी पड़ता है।
- मध्यप्रदेश में शीत ऋतु में लौटने वाले मानसून से होने वाली वर्षा को 'मावठा' कहते हैं।

(3) मध्यप्रदेश का न्यूनतम वर्षा वाला स्थान कौन सा है?

A. नीमच B. भिंड
C. ग्वालियर D. मुरैना

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश की वार्षिक वर्षा का औसत 112 सेंटीमीटर है, जबकि अधिकतम पचमढ़ी में करीब 200 सेंटीमीटर के लगभग होती है तथा प्रदेश के भिंड में सबसे कम वर्षा 55 सेंटीमीटर होती है।

(4) डोलोमाइट भंडारण में मध्यप्रदेश का कौन सा स्थान है?

A. प्रथम स्थान B. दूसरा स्थान
C. तीसरा स्थान D. पांचवा स्थान

उत्तर- विकल्प A सही है।

व्याख्या -

- डोलोमाइट भंडारण में मध्यप्रदेश का प्रथम स्थान है।
- यह मैग्नीशियम का एक अयस्क है।

(5) आणविक खनिज यूरेनियम मध्यप्रदेश की किस जिले में पाया जाता है?

A. उमरिया B. जबलपुर
C. शहडोल D. रीवा

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या - आणविक खनिज यूरेनियम मध्यप्रदेश के केवल शहडोल में पाया जाता है। इसलिए शहडोल को यूरेनियम जिला के रूप में जाना जाता है।

(6) मध्यप्रदेश की पहली खनिज नीति कब लाई गई?

A. 1990 B. 1992
C. 1995 D. इनमें से कोई नहीं।

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश की पहली खनिज नीति 1995 में लाई गई।

(7) मध्यप्रदेश के लौह अयस्क का निर्यात निम्न में से किस देश को किया जाता है?

A. जर्मनी को
B. जापान को
C. फ्रांस को
D. जर्मनी और जापान दोनों।

उत्तर- विकल्प D सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश में लौह अयस्क के विशाल संचित भंडार हैं हालांकि छत्तीसगढ़ के पृथक होने से एक भाग वहां चला गया। यहां पर उत्पादित होने वाली लोहे का निर्यात जर्मनी तथा जापान को किया जाता है।

(8) निम्नलिखित खनिज उनके उत्पादन क्षेत्र से सुमेलित नहीं है?

A. सुरमा - जबलपुर
B. कोरंडम - शहडोल
C. टंगस्टन - होशंगाबाद
D. ग्रेफाइट - बैतूल

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या -

- कोरंडम सीधी और सिंगरौली जिले में पाया जाता है।
- यह एल्यूमीनियम का अयस्क है।

(9) मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:-

1. मध्यप्रदेश का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-3 है।
2. मध्यप्रदेश का सबसे छोटा राज्य मार्ग NH-339 BB है।

उपरोक्त में से कौन सा/ से कथन सत्य है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2।

उत्तर- विकल्प D सही है।

व्याख्या -

- वर्तमान संशोधित आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-46 है (लंबाई 634 किलोमीटर)जो ग्वालियर से बैतूल तक है। अतः कथन एक गलत है।
- मध्यप्रदेश का सबसे छोटा राज्य मार्ग NH-135 B (9 k.m.) है।

(10) मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना कब की गई थी?

A. 1956 B. 1962
C. 1990 D. 1992

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना वर्ष 1962 में की गई थी।

(11) प्रदेश की पहली किसान एक्सप्रेस ट्रेन कहां से कहां तक चली?

A. भोपाल से दिल्ली
B. इंदौर से गुवाहाटी
C. जबलपुर से शिलांग
D. ग्वालियर से नैनीताल

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - प्रदेश की पहली किसान एक्सप्रेस ट्रेन प्याज लेकर इंदौर से गुवाहाटी के लिए चली थी।

(12) प्रदेश का पहला पिंक रेलवे स्टेशन कौन सा है?

A. इंदौर रेलवे स्टेशन
B. मदन महल (जबलपुर) रेलवे स्टेशन
C. ग्वालियर रेलवे स्टेशन
D. इटारसी रेलवे स्टेशन

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - प्रदेश का पहला पिंक रेलवे स्टेशन मदन महल (जबलपुर) है।

(13) देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान कहां से कहां तक हुई?

A. इंदौर से प्रीटोरिया
B. इंदौर से लक्जमबर्ग
C. इंदौर से दुबई
D. इनमें से कोई नहीं।

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या - देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान इंदौर से दुबई तक रही।

(14) निम्नलिखित में से कौन सा बांध नर्मदा नदी से संबंधित नहीं है?

1. इंदिरा सागर
2. गांधी सागर
3. जवाहर सागर

कूट :-

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 1 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - गांधी सागर और जवाहर सागर चंबल नदी पर बने हुए हैं।

(15) मध्यप्रदेश की पहली नदी घाटी परियोजना कौन सी है?

A. नर्मदा घाटी
B. चंबल घाटी
C. राजघाट परियोजना
D. पेंच परियोजना

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - चंबल घाटी परियोजना मध्यप्रदेश की पहली नदी घाटी परियोजना है। इसका प्रारंभ सन 1953 में हुआ था, जो मध्यप्रदेश और राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।

(16) निम्न में से मध्यप्रदेश में कौन-सा/से बांध स्थित नहीं है?

1. सरदार सरोवर बांध
2. जोबट परियोजना
3. राणा प्रताप बांध

कूटः-

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 1 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या -

- राणा प्रताप बांध चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)
- सरदार सरोवर परियोजना गुजरात के नौगांव पर स्थित है।
- जोबट परियोजना मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में स्थित है।

(17) मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में किस नहर से सिंचाई होती है?

A. वेनगंगा B. वारना
C. हलाली D. चंबल

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या- नहरें और उनसे लाभान्वित जिले-

- वेनगंगा नहर - बालाघाट
- चंबल नहर - भिंड, मुरैना, ग्वालियर, मंदसौर, नीमच
- वारना नहर - होशंगाबाद
- हलाली नहर - विदिशा, रायसेन।

(18) मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय मक्का व गेहूं अनुसंधान केंद्र कहां स्थित है?

A. गोविंदगढ़ B. पवारखेड़ा
C. खमरिया D. अमलाहा

उत्तर- विकल्प C सही है।

व्याख्या - अंतर्राष्ट्रीय मक्का व गेहूं अनुसंधान केंद्र खमरिया (जबलपुर) में स्थित है।

(19) मध्यप्रदेश में 'मिर्ची महोत्सव' का आयोजन कहां किया गया था?

A. खंडवा B. खरगोन
C. नीमच D. मंदसौर

उत्तर- विकल्प B सही है।

(20) मध्यप्रदेश में फसल उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?

1. सर्वाधिक फल उत्पादन रतलाम में होता है।
2. सर्वाधिक मसाला उत्पादन बड़वानी जिले में होता है।
3. सर्वाधिक सब्जी का उत्पादन नरसिंहपुर जिले में होता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है?

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 1 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्याः-

- कथन 2 गलत है, क्योंकि सर्वाधिक मसाले का उत्पादन बुरहानपुर जिले में होता है।
- कथन 3 गलत है, क्योंकि सर्वाधिक सब्जी का उत्पादन छिंदवाड़ा जिले में होता है।

(21) पशु गणना 2019 के अनुसार मध्यप्रदेश में सर्वाधिक पाया जाने वाला पशु कौन सा है?

A. गाय B. बकरी
C. भैंस D. घोड़ा

उत्तर- विकल्प A सही है।

(22) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?

1. मध्यप्रदेश 'गौ कैबिनेट' लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।
2. गौ एंबुलेंस सेवा की शुरुआत खंडवा जिले से की गई।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2।

उत्तर- विकल्प B सही है।

व्याख्या - मध्यप्रदेश 'गौ कैबिनेट' लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इसकी संरचना में अध्यक्ष मुख्यमंत्री व 5 अन्य सदस्य (गृह मंत्री, वन मंत्री, कृषि मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री व पशुपालन मंत्री) शामिल होते हैं। अतः कथन 1 सत्य है।

- गो एंबुलेंस सेवा की शुरुआत 'खरगोन' जिले से की गई। अतः कथन 2 गलत है।

- श्री बसंत (के. एल.) जाटव
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखते हैं)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए सहायता योजना को मंजूरी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में घरेलू हिंसा में पीड़ित हुई बालिकाओं एवं महिलाओं के लिये सहायता योजना को मंजूरी दी गई। योजना में घरेलू हिंसा से पीड़िता को शरीर के किसी भी अंग में 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता होने पर 2 लाख और 40 प्रतिशत से अधिक क्षति होने के कारण हुई दिव्यांगता के लिए 4 लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही न्यायालय आदि गंतव्य स्थल तक (जिसमें न्यायालय में प्रकरण के विचाराधीन रहने की अवधि भी शामिल है। आवागमन के लिए परिवहन के वास्तविक व्यय की व्यवस्था का प्रावधान भी रखा गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने गैस पीड़ित एवं उनके बच्चों के इलाज की व्यवस्था, आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना में आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक, एनएचपीएस योजना में चिन्हित चिकित्सालयों में पैकेज राशि की दरों के अनुरूप किये जाने का निर्णय लिया।
- इन्हें पात्र माने जाने के लिये भारत शासन को भी लिखा जायेगा। जब तक भारत शासन से स्वीकृति प्राप्त नहीं होती है, तब तक आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना में इन हितग्राहियों पर होने वाले व्यय की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा की जायेगी।
- आयुष्मान 'निरामयम' मध्यप्रदेश योजना की सीमा के बाहर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा की जायेगी। इसके लिये संचालक, भोपाल गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल को अधिकृत किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने नगरीय क्षेत्रों की शासकीय भूमि में धारकों के धारणाधिकार के संबंध में 24 सितम्बर, 2020 को जारी परिपत्र में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया।
- संशोधन अनुसार यदि एक ही भूखण्ड का मिश्रित उपयोग (आवासीय एवं व्यवसायिक/वाणिज्यिक) है तो ऐसे भूखण्ड के लिए आवासीय उपयोग के अंश भाग का प्रीमियम एवं वार्षिक भू-भाटक की गणना आवासीय प्रयोजन अनुसार की जायेगी।
- भूखण्ड पर व्यवसायिक/वाणिज्यिक अंश भाग के लिए आवासीय प्रयोजन के लिए निर्धारित दर का 120 प्रतिशत प्रीमियम तथा आवासीय प्रयोजन अनुसार वार्षिक भू-भाटक का निर्धारण किया जायेगा।
- एक परिवार द्वारा दो अलग-अलग भूखण्डों में से एक का आवासीय और दूसरे का व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जाना है, ऐसे प्रकरणों में दो पृथक-पृथक पट्टे प्रदान किए जायेंगे। ऐसे प्रकरणों में परिवार को परिपत्र अंतर्गत एक बार लाभ दिया जाना ही माना जाएगा।
- मंत्रिपरिषद् ने मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के विषय विचारार्थ अन्य प्रावधान किये। इसमें आयोग प्रदेश में सामान्य वर्ग के व्यक्तियों के कल्याण के लिये हितग्राहियों का चिन्हांकन, सामान्य वर्ग के समग्र कल्याण संबंधी बिन्दुओं पर विचार करना, प्रदेश में सामान्य वर्ग के लोगों के कल्याण की दिशा में राज्य शासन को नई कार्य योजनाएं बनाने, पुराने कार्यक्रमों में आवश्यक परिवर्तन करने तथा आनुषांगिक विषयों पर सुझाव देना शामिल है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों को प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक में 5 प्रतिशत अतिरिक्त अंक दिये जाने एवं इन वर्गों के उम्मीदवारों के द्वारा दी गई सेवा के मद्देनजर अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया।
- विभिन्न वर्गों के उम्मीदवारों में भूतपूर्व सैनिक, अतिशेष कर्मचारी, भारत-पाक संघर्ष में दिव्यांग और मृत सैनिक आदि शामिल हैं।

खेल चर्चा

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर हासिल की ऐतिहासिक जीत

जमैका, आयरलैंड की टीम ने वनडे सीरीज में मेजबान वेस्टइंडीज को हरा दिया। जमैका के सबीना पार्क में खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज को आयरलैंड ने 2-1 से अपने नाम किया है। आयरलैंड ने तीसरा व अंतिम वनडे क्रिकेट मैच दो विकेट से जीता है। आयरलैंड ने पहला वनडे मैच हारने के बाद जबरदस्त वापसी की और अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज पर अपना कब्जा जमाया। आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ आयरलैंड की यह घर के बाहर दूसरी वनडे सीरीज जीत है। 2019 में इसने पूर्णकालिक सदस्य देश जिम्बाब्वे को घर पर हराया था।

द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवॉर्ड्स 2021 के विजेताओं की घोषणा

ज्यूरिख, बायर्न म्यूनिख के फॉरवर्ड रॉबर्ट लेवैंडॉस्की और बार्सिलोना की कप्तान ऐलेक्सिया पुतेयस को क्रमशः द बेस्ट फीफा पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया है। चेल्सी के मैनेजर थॉमस टूखॉल और चेल्सी वीमेन की मैनेजर एम्मा हेस ने क्रमशः सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला कोच का पुरस्कार जीता। एरिक लैमैला ने आर्सेनल के खिलाफ अपनी रबोना किक के लिए पुस्कस अवॉर्ड जीता है। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो जो मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्ट्राइकर हैं उनको अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे अधिक गोल करने के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केकेआर के गेंदबाजी कोच बने भरत अरुण

मुंबई, भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण को आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। वह 2022 सीजन के लिए टीम से जुड़ेंगे। केकेआर के सीईओ और एमडी वेंकी मैसूर ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'हम इस नियुक्ति को लेकर बहुत उत्साहित हैं। वह टीम में अनुभव की भरमार लेकर आएंगे और केकेआर के सपोर्ट स्टाफ के लिए उपयोगी साबित होंगे।' भारत के लिए 1986-87 में दो टेस्ट और चार वनडे मैच खेलने वाले अरुण दो बार (2014-15 और 2017-21) भारतीय टीम के गेंदबाज़ी कोच रह चुके हैं। उससे पहले उन्होंने भारत की 2012 अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम को भी कोचिंग दी थी। वह नेशनल क्रिकेट अकादमी, बेंगलुरु का भी हिस्सा रह चुके हैं।

कोहली ने टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी छोड़ी

केपटाउन, विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने इस बात को सार्वजनिक किया। इससे पहले टी-20 विश्व कप के बाद से ही वह टी-20 की कप्तानी से हट गए थे, जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले बीसीसीआई ने उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया था। कोहली ने लिखा कि 'उन्होंने सात साल तक पूरी ईमानदारी से इस टीम को सही दिशा में चलाने की कोशिश की, लेकिन हर अच्छी चीज का अंत आता है और टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी से हटने का यही समय है।' बीसीसीआई ने भी ट्वीट कर 'अपने सबसे सफल कप्तान' को उनके कप्तानी कॅरियर के लिए बधाई दी है। बता दें कि कोहली ने 68 टेस्ट मैचों में कप्तानी की है, जिसमें उन्हें 40 में जीत और 17 में हार का सामना करना पड़ा।

इंडिया ओपन-2022

लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड चैंपियन को मात देकर जीता खिताब

- **लक्ष्य सेन पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे थे और उन्होंने इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया।**
- **इस खिताब को जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं लक्ष्य, इनसे पहले 1981 में प्रकाश पादुकोण और फिर 2015 में किदांबी श्रीकांत ने भी अपने नाम यह उपलब्धि की थी।**
- **इंडियन ओपन के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ, जब भारतीय जोड़ी ने युगल खिताब जीता है।**
- **सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इससे पहले 2019 में थाईलैंड ओपन सुपर 500 का खिताब अपने नाम किया था।**

नई दिल्ली, भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व चैंपियन लोह कीन यीव को फाइनल में हराकर इंडिया ओपन-2022 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह पहली बार है जब किसी भारतीय ने इंडिया ओपन में डेब्यू पर खिताब जीता। लक्ष्य ने 54 मिनट में 24-22, 21-17 के स्कोर से यह मुकाबला जीता। लक्ष्य इस खिताब को जीतने वाले तीसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1981 में प्रकाश पादुकोण और फिर 2015 में किदांबी श्रीकांत ने पहला सुपर 500 चैंपियनशिप खिताब जीता था। लक्ष्य ने पिछले साल ही विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

वर्ल्ड चैंपियन के आगे खुद को दवाब में नहीं आने दिया

फाइनल मुकाबले में भारत के लक्ष्य सेन के सामने सिंगापुर के वर्ल्ड चैंपियन लोह कीन यू थे, लेकिन गेम के दौरान लक्ष्य ने वर्ल्ड चैंपियन का दवाब खुद पर हावी नहीं होने दिया बल्कि पूरे मैच में अपनी पकड़ बनाए रखी। लक्ष्य ने शानदार ढंग से रैलियों को नियंत्रित किया और लोह को शुरू से दबाव में रखा, पहले गेम में लक्ष्य ने शुरुआत में लीड बना ली थी, लेकिन मुकाबला टाईब्रेकर तक गया हालांकि लगातार 6 पॉइंट अर्जित करते हुए लक्ष्य ने पहला गेम 24-22 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे गेम की शुरुआत में कांटे की टक्कर देखने को मिली, दोनों खिलाड़ियों ने लम्बी रैलियां खेलीं, लेकिन बाद में लक्ष्य ने लगातार बड़े क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाए, इससे लोह को सहज होने का मौका नहीं मिला और लक्ष्य ने 21-17 से जीत दर्ज करते हुए इतिहास रच दिया।

चिराग-सात्विक मेन्स डबल्स में चैंपियन

मेंस डबल्स का फाइनल मुकाबला भी ऐतिहासिक रहा, यहां भारत के सामने 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन और 2008 बीजिंग ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट इंडोनेशिया की जोड़ी थी। लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद एहसान और हेंड्रा सेतियावान को 43 मिनट तक खेले गए मुकाबले में 21-16, 26-24 से मात दी। इंडियन ओपन के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब भारतीय जोड़ी ने युगल खिताब जीता हो। वहीं, चिराग और सात्विक की जोड़ी ने सिर्फ दूसरी बार किसी सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीता।

लेह में 11 हजार फीट की ऊंचाई पर फुटबॉल स्टेडियम

नई दिल्ली, केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने स्पितुक (लेह) में समुद्र तल से 11 हजार फीट की ऊंचाई पर बन रहे फुटबॉल स्टेडियम की एरियल तस्वीर ट्विटर पर शेयर की है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत स्टेडियम का निर्माण हो रहा है।

सानिया मिर्ज़ा ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 में वीमेन्स डबल्स के पहले दौर में अपनी हार के बाद कहा है कि वह 2022 सीजन के बाद नहीं खेलेंगी। 35 वर्षीय सानिया ने कहा 'मुझे लगता है कि मेरा शरीर थक रहा है... मेरा मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ मुझे रिकवर होने में ज्यादा समय लग रहा है। सानिया मिर्जा ने अपने कॅरियर में अब तक 6 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। इसमें 3 मिक्स्ड डबल्स और 3 वुमन्स डबल्स कैटेगरी में जीते हैं। उन्होंने वुमन्स डबल्स में 2015 में विम्बलडन और यूएस ओपन और 2016 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। वहीं, मिक्स्ड डबल्स में 2009 में विम्बलडन, 2012 में फ्रेंच ओपन और 2014 में यूएस ओपन का खिताब जीता था।

टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम

टॉप्स में शामिल किए गए गोल्फर, एथलीट्स और स्कीयर

नई दिल्ली, प्रमुख घुड़सवार फौआद मिर्जा, गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी, अदिति अशोक और दीक्षा डागर और अल्पाइन स्कीयर मोहम्मद आरिफ खान उन 10 एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के ओलिंपिक अभियान प्रकोष्ठ (एमओसी) ने उन एथलीटों की सूची में जोड़ा है, जिन्हें टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की जाएगी। इन पांच एथलीटों को कोर ग्रुप में शामिल किया गया है, वहीं गोल्फर शुभांकर शर्मा और त्वेसा मलिक और जूडो खिलाड़ी यश धंगास, उन्नति शर्मा और लिंथोई चनंबम को विकास समूह में शामिल किया गया है। इन अतिरिक्त एथलीटों के शामिल होने के साथ टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना-टॉप्स के अंतर्गत शामिल कुल खिलाड़ियों की संख्या 301 हो गई है। इनमें से 107 खिलाड़ी कोर ग्रुप में शामिल हैं।

खेल मंत्रालय प्राथमिक रूप से प्रत्येक राष्ट्रीय खेल संघ के प्रशिक्षण और प्रतियोगिता (एसीटीसी) के वार्षिक कैलेंडर के अंतर्गत विशिष्ट एथलीटों को सहायता प्रदान करता है। टॉप्स योजना के अंतर्गत उन क्षेत्रों में एथलीटों को अनुकूलित सहायता प्रदान की जाती है जो एसीटीसी के अंतर्गत नहीं आते हैं और एथलीटों की अप्रत्याशित जरूरतों को पूरा करते हैं, क्योंकि वे ओलिंपिक और पैरालिंपिक खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की तैयारी करते हैं।

- **जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग के रहने वाले मोहम्मद आरिफ खान हाल ही में अगले महीने बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलिंपिक खेलों 2022 के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय अल्पाइन स्कीयर बने हैं।**

एशेज सीरीज

इंग्लैंड को 4-0 से हराकर ऑस्ट्रेलिया ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

होबार्ट, ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में डे-नाइट टेस्ट में इंग्लैंड को 3 दिन के अंदर 146 रन से हराकर एशेज 4-0 से जीत ली है। इंग्लैंड को जीत के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन का लक्ष्य दिया था, लेकिन इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 124 रन बनाकर आउट हो गई। इंग्लैंड के आखिरी 9 विकेट केवल 42 रन पर गिरे। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट मैच को आसानी से जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और कैमरून ग्रीन को 3-3 विकेट मिले। टेस्ट मैच के तीसरे दिन होबार्ट में कुल 17 विकेट गिरे। तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरे तो वहीं इंग्लैंड के पूरे 10 विकेट गिरे। एशेज सीरीज का पहला टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। दूसरा मैच एडिलेड में हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 275 रनों से जीत हासिल की थी, जबकि मेलबर्न में खेले गए तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पारी और 14 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं सिडनी में खेला गया चौथा टेस्ट ड्रा रहा था।

- **ट्रैविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।**
- **वुड ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवें टेस्ट में 37 रन देकर छह विकेट लिए।**
- **ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली गई ये 72वीं एशेज सीरीज थी, जिस पर कंगारुओं ने 34वीं बार जीतकर अपना कब्जा जमाया।**
- **एशेज पर ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीसरी बार कब्जा जमाया है।**

राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर

मैरी कॉम समेत छह मुक्केबाज कैंप में शामिल

नई दिल्ली, अमित पंघाल, विकास कृष्ण और एमसी मैरी कॉम उन छह ओलिंपियनों में शामिल हैं, जिन्हें नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (पटियाला) और इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रहे राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविरों में शामिल किया गया है। यह शिविर 14 मार्च तक चलेगा। सेना के तीन मुक्केबाजों अमित पंघाल, मनीष कौशिक और सतीश कुमार, विकास कृष्ण और आशीष कुमार को पटियाला में पुरुषों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया है, जबकि एमसी मैरी कॉम इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में महिला प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगी।

ये ओलिंपियन मुक्केबाज 3 जनवरी से शुरू हुए प्रशिक्षण शिविरों में शामिल होंगे, जिनमें केवल वैसे खिलाड़ी शामिल हुए थे, जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया था। राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के नजदीक आने के साथ, भारतीय खेल प्राधिकरण ने भारतीय मुक्केबाजी संघ द्वारा अनुशंसित खिलाड़ियों को शिविर में शामिल किए जाने को मंजूरी दे दी है।

- **विभिन्न भार वर्गों के 63 पुरुष मुक्केबाज और 27 प्रशिक्षण एवं सहयोगी कर्मचारी एनआईएस, पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में मौजूद हैं।**
- **ओलिंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और 25 प्रशिक्षण एवं सहायक कर्मचारियों सहित 57 महिला मुक्केबाज पहले से ही इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में मौजूद हैं।**

बीबीएल में डबल हैट्रिक लेने वाले पहले खिलाड़ी बने कैमरन

मेलबर्न, बिग बैश लीग 2021-22 में मेलबर्न रेनेगेड्स के लेग स्पिनर कैमरन बॉयस ने 55वें मैच में तहलका मचा दिया। बॉयस बिग बैश लीग में डबल हैट्रिक लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सिडनी थंडर के खिलाफ चार गेंदों में चार विकेट लेकर इतिहास रचते हुए मैच में कुल पांच विकेट चटकाए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

● सर्बिया ●

मतदाताओं ने जनमत संग्रह में संवैधानिक परिवर्तन को दी मंजूरी

सर्बियाई मतदाताओं ने जनमत संग्रह में संवैधानिक परिवर्तनों को मंजूरी दे दी है। सरकार का कहना है ये बदलाव सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है।

देश में संवैधानिक बदलाव को लेकर हाल ही में जनमत संग्रह हुआ था। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि जारी हुए लगभग पूरे आधिकारिक परिणाम के अनुसार, जनमत संग्रह में शामिल हुए लोगों में से लगभग 60 प्रतिशत ने देश में न्यायाधीशों और अभियोजकों के चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने वाले संशोधनों के पक्ष में और लगभग 40 प्रतिशत लोगों ने इसके खिलाफ मतदान किया।

चुनाव अधिकारियों ने कहा कि 65 लाख मतदाताओं वाले सार्विया में हुए इस जनमत संग्रह में केवल 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने ही भागीदारी की।

अधिकारियों के अनुसार परिवर्तन न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बढ़ावा देंगे जो यूरोपीय संघ में शामिल होने में सर्बिया की मदद करेंगे। आलोचकों ने कहा है कि सर्बिया में आमतौर पर गैर-लोकतांत्रिक माहौल के कारण परिवर्तन अपर्याप्त और अप्रासंगिक हैं।

विश्व आर्थिक मंच

विश्व आपूर्ति श्रृंखला में भारत विश्व का भरोसेमंद साझीदार बनने के लिये प्रतिबद्ध है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व आर्थिक मंच के दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन में 'स्टेट ऑफ दी वर्ल्ड' (विश्व की स्थिति) विषय पर विशेष सम्बोधन दिया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत महामारी की एक और लहर का सावधानी और विश्वास के साथ मुकाबला कर रहा है तथा तमाम उम्मीद भरे नतीजों के साथ आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना-काल के दौरान, भारत ने अपनी परिकल्पना 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य' का पालन करते हुये जरूरी दवायें और वैक्सीनों की आपूर्ति करके कई जिंदगियां बचाईं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश है और उसे 'विश्व की फार्मेसी' के तौर पर जाना जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया में रिकॉर्ड सॉफ्टवेयर इंजीनियर भेज रहा है। पचास लाख से ज्यादा सॉफ्टवेयर डेवलेपर्स भारत में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया में तीसरे नंबर के सबसे ज्यादा यूनीकॉर्न्स हैं। दस हजार से ज्यादा स्टार्ट-अप्स पिछले छह माह में पंजीकृत हुये हैं। उन्होंने बताया कि आज भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा, सुरक्षित और सफल डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म है तथा सिर्फ पिछले महीने में ही यूनीफाइड पेमेन्ट इंटरफेस के जरिये 4.4 अरब लेन-देन हुये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व आपूर्ति श्रृंखला में दुनिया का भरोसेमंद साझीदार बनने के लिये प्रतिबद्ध है तथा भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की राह बना रहा है। भारत की नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी को अपनाने की क्षमता और उद्यमशीलता की भावना उसे आदर्श विश्व साझीदार के योग्य बनाती है। उन्होंने कहा, "इसीलिये भारत में निवेश का यह सबसे अच्छा समय है।"

प्रधानमंत्री ने कहा भारत ने भौतिक और डिजिटल अवसंरचना में बड़े कदम उठाये हैं, जिनमें छह लाख गांवों में ऑप्टिकल फाइबर, संपर्कता संबंधी बुनियादी ढांचे में 1.3 ट्रिलियन डॉलर का निवेश, परिसम्पत्ति मौद्रीकरण तथा गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर-प्लान के जरिये 80 अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य शामिल है, ताकि सामान, लोगों और सेवाओं की निर्बाध संपर्कता में नई ऊर्जा पैदा करने के लिये सभी हितधारकों को एकल प्लेटफार्म मिल सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी जीवनशैली भी जलवायु के लिये बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'प्रयोग करो और फेंक दो' की संस्कृति और उपभोक्तावाद ने जलवायु चुनौतियों को और गंभीर बना दिया है। आज की 'लो-बनाओ-इस्तेमाल करो-फेंक दो' वाली अर्थव्यवस्था को तेजी से सतत अर्थव्यवस्था की तरफ बढ़ाना बहुत जरूरी है। कॉप-26 सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ (एल.आई.एफ.ई.) पेश किया था, जिसका उल्लेख देते हुये उन्होंने कहा कि लाइफ जैसी जनभागीदारी के अभियान को पी-3, यानी 'प्रो प्लैनेट पीपुल' का एक बड़ा आधार भी बना सकते हैं। लाइफ, यानी 'लाइफ फॉर एनवॉयरेनमेंट' हर स्थिति में ग्राह्य और सतत जीवनशैली की परिकल्पना है, जो जलवायु सम्बंधी भावी संकटों और अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिये उपयोगी हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने विश्व व्यवस्था की बदलती वास्तविकताओं के अनुसार खुद को ढालने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि आज वैश्विक परिदृश्य को देखते हुये क्या बहुमुखी संगठन, नई विश्व व्यवस्था और नई चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार है? जब ये संस्थायें बनी थीं, तो स्थितियां कुछ और थीं और आज परिस्थितियां कुछ और हैं। उन्होंने अपना सम्बोधन पूरा करते हुये कहा, "हर लोकतांत्रिक देश का यह दायित्व है कि वह बहुमुखी संस्थाओं में सुधारों पर बल दे, ताकि उन्हें वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाया जा सके।"

कथक सम्राट बिरजू महाराज का निधन

भारतीय नृत्य शैली 'कथक' को विश्व पटल पर ले जाने वाले प्रख्यात कथक नर्तक बिरजू महाराज का दिल्ली में निधन हो गया।

- **कला क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी, कालीदास सम्मान, नृत्य विलास, राजीव गांधी सम्मान सहित कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया।**
- **बिरजू महाराज लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराना से ताल्लुक रखते थे और कथक नर्तकों के महाराज परिवार के वंशज थे।**

'महाराज जी' के नाम से लोकप्रिय बिरजू महाराज ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 83 वर्ष के थे और गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। अंतिम समय में उनके पास परिवार के लोग और शिष्ट मौजूद थे। रात में भोजन के बाद वह अंताक्षरी खेल रहे थे। इसी दौरान सांसें असामान्य होने लगीं। रात 12:30 बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया पर बचाया नहीं जा सका।

संयुक्त राष्ट्र ने माली के लिए शांति रक्षा उड़ानों को निलंबित किया

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि माली में सैन्य सरकार ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा सेना की कई उड़ानों को रोक दिया है जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम अफ्रीकी देश के लिए सभी गैर-आपातकालीन उड़ानों पर रोक लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि माली में संयुक्त राष्ट्र का मिशन संयुक्त राष्ट्र की उड़ानों के लिए मंजूरी प्राप्त करने के मकसद से नयी प्रक्रियाओं पर सेना से बातचीत कर रहा है। माली में संयुक्त राष्ट्र मिशन को मिनुसमा के नाम से जाना जाता है।

अफगानिस्तान में 5.6 तीव्रता का भूकंप

पश्चिमी अफगानिस्तान में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.6 दर्ज की गई। भूकंप की वजह से 22 लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों घरों को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि तुर्कमेनिस्तान की सीमा से लगे पश्चिमी प्रांत बड़घिस में भूकंप की वजह से काफी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों द्वारा साझा की गई तस्वीरों के अनुसार, लोगों के घर मलबे में दब गए। बड़घिस प्रांतीय प्रशासन के संस्कृति और सूचना निदेशक बाज मोहम्मद सरवरी ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक महिलाओं और बच्चों सहित 22 लोग मारे गए हैं, वहीं चार अन्य घायल हैं।

- **आपातकालीन संचालन केन्द्र के प्रमुख मुल्ला जनान साके ने मृतकों की पुष्टि करते हुए कहा कि भूकंप की वजह से 700 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।**

// इजराइल ने //

मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली का परीक्षण किया

इजराइल ने कहा कि उसने पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिजाइन की गई प्रणाली का सफल परीक्षण किया।

- **इस प्रणाली को अमेरिकी मिसाइल रक्षा एजेंसी (एमडीए) के सहयोग से रक्षा क्षेत्र के सरकारी उपक्रम इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है।**
- **एमडीए के निदेशक वाइस एडमिरल जॉन हिल ने कहा, "इस परीक्षण को एरो वेपन सिस्टम के हर तत्व को चुनौती देने के लिए डिजाइन किया गया था और इसने बखूबी इसका प्रदर्शन किया।"**

'एरो वेपन सिस्टम' मिसाइल प्रतिरक्षा श्रृंखला का हिस्सा है जिसे इजराइल ने हाल के वर्षों में ईरान, लेबनान के हिजबुल्लाह या गाजा पट्टी में फलस्तीनी समूह हमास के साथ भविष्य के किसी भी टकराव में खुद को

बचाने के लिए विकसित किया है।

रक्षा मंत्रालय ने मिशन को सफल बताते हुए कहा कि सिस्टम ने लक्ष्य का पता लगा लिया और उस पर दो एरो-3 इंटरसेप्टर दागे। ज्ञात रहे कि पिछले साल 11 दिनों तक गाजा युद्ध के दौरान इजराइल की कम दूरी की मिसाइल प्रतिरक्षा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब फलस्तीनी समूह हमास ने इजराइल पर 4,000 से अधिक रॉकेट दागे थे। इजराइल की सेना ने कहा था कि उसने लक्षित रॉकेटों में से लगभग 90 प्रतिशत को रोक दिया, जबकि अन्य ज्यादातर खुले क्षेत्रों में गिरे।

// वर्ष 2021 //

यूरोप में सबसे गर्म साल रहा

ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव साल दर साल गंभीर होता जा रहा है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2021 अब तक का पांचवां सर्वाधिक गर्म साल दर्ज किया गया है। हालांकि, यूरोप के लिए 2021 अब तक का सर्वाधिक गर्म साल रहा है। यूरोपीय संघ की कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने अपनी सालाना रिपोर्ट में यह दावा किया है।

- **पांचवां सबसे गर्म साल रहा 2021 पिछले सात वर्षों के दौरान।**
- **30 साल की अवधि के मुकाबले सर्वाधिक तापमान वाले क्षेत्रों में अमेरिका, कनाडा शामिल।**

वीते साल के दौरान यूरोप में प्रचंड गर्मी का अनुभव किया गया। भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में तपिश के जबरदस्त



थपेड़े महसूस किए गए और मध्य यूरोप में बाढ़ ने अपना कहर ढाया। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से जाहिर होता है कि पिछले सात साल वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म वर्ष रहे और इनके बीच तापमान का अंतर भी काफी स्पष्ट है। इन सात वर्षों में 2021 पांचवां गर्म साल रहा। इस 30 साल की संदर्भ अवधि के मुकाबले सबसे अधिक औसत तापमान वाले क्षेत्रों में अमेरिका और कनाडा के पश्चिमी तट से लेकर पूर्वोत्तर कनाडा और ग्रीनलैंड तक का इलाका शामिल है। इसके अलावा मध्य और उत्तरी अफ्रीका तथा मिडिल ईस्ट के बड़े हिस्से भी इसमें शामिल हैं। पश्चिमी और पूर्वी साइबेरिया, अलास्का, मध्य और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में सबसे निम्न औसत तापमान पाया गया। यूरोपियन कमीशन के डायरेक्टरेट जनरल फॉर डिफेंस इंडस्ट्री एंड स्पेस के अर्थ ऑब्जर्वेशन विभाग के प्रमुख मौरो फचीनी ने कहा कि पेरिस समझौते के तहत यूरोप की संकल्पबद्धता तभी मूर्त रूप ले सकती है जब जलवायु संबंधी सूचनाओं का प्रभावी विश्लेषण हो। वर्ष 2021 का विश्लेषण याद दिलाता है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि लगातार जारी है और इस पर अंकुश लगाने के लिए फौरन मुस्तैदी से काम करना होगा।

(सऊदी गठबंधन बलों ने)

हाउती विद्रोहियों पर की कार्रवाई

यमन में संघर्ष कर रही सऊदी की अगुवाई वाले गठबंधन बलों ने किंगडम पर हमले के लिए लॉन्च किए गए 8 ड्रोनों को नष्ट कर दिया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।

ज्ञात रहे कि यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी के एयरपोर्ट के नजदीक ड्रोन हमले से तेल से भरे तीन ट्रक टैंकरों में विस्फोट के बाद आग लग गई थी। आग ने कुछ ही देर में एयरपोर्ट को भी चपेट में ले लिया। आग से एयरपोर्ट के छोटे से हिस्से को नुकसान हुआ है। कुछ देर रुकी रहने के बाद विमान सेवाएं फिर सामान्य हो गई थीं। सऊदी की अगुवाई वाली गठबंधन सेना और हाउती विद्रोहियों के बीच लंबे वक्त से संघर्ष जारी है। इस संघर्ष की शुरुआत 2015 में हाउती विद्रोहियों के यमन की राजधानी सना पर कब्जा के बाद हुई थी। सऊदी गठबंधन सेना ने इसी साल इनके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की थी। इसके बाद विद्रोहियों ने भी अरब देशों पर पलटवार किया।

घटना में मारे गए तीन लोगों में दो भारतीय और एक पाकिस्तानी हैं। ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हाउती विद्रोही कई वर्षों से यमन में कब्जे की लड़ाई लड़ रहे हैं। देश की राजधानी सना समेत बड़े इलाके पर उनका कब्जा भी हो गया है। वहां पर सरकारी सेना के साथ सऊदी अरब के नेतृत्व वाली सुन्नी मुस्लिम देशों की सेनाएं विद्रोहियों से लड़ रही हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नये मेहमान के आने की आहट पर, करें स्वागत की तैयारी

- गर्भ धारण होने पर शीघ्र पंजीयन करवायें।
- ए.एन.सी. में आवश्यक जांचें सही समय पर करवायें - ऊँचाई, वजन, ब्लडप्रेशर, हीमोग्लोबिन, पेशाब की जाँच, HIV
- टिटनेस का टीका लगवायें।
- फोलिक एसिड/केल्शियम एवं आयरन फोलिक एसिड (आई.एफ.ए.) की गोलियों का नियमित सेवन करें।
- जांचों में जटिलता पाये जाने पर समुचित उपचार करवायें।
- प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही करवायें, जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का लाभ पायें।
- योजना का लाभ लेने के लिये गर्भवती महिला अपना एवं पति का बैंक खाता नम्बर एवं समग्र आईडी साथ लेकर आये।

अस्पताल जाने एवं वापस घर आने हेतु नि:शुल्क जननी एक्सप्रेस उपलब्ध/108 वाहन उपलब्ध है

यह सुविधायें सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/ ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

M.P. Madhyam/103412/R-46521/2022

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।